

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 278 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 2 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — तमनार वासियों के दर्द से वाकिफ नहीं मुख्यमंत्री भूपेश-जगेश सिंह

भाजपा के आदिवासी नेताओं का जनसंपर्क अभियान, विधायक ... पेज -8 पर


# शिक्षक पोस्टिंग घोटाला: 4 जेडी, 1 डीईओ, 3 संयुक्त संचालक सहित 10 सस्पेंड

### संशोधन में खेला करने वाले अफसरों की खुल गई पोल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक पोस्टिंग संशोधन घोटाले में अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। सूबे में शिक्षा विभाग में एक साथ इतनी बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। प्रमोशन में संशोधन के नाम पर बड़े पैमाने पर हुई धांधली मामले में अब तक 4 संयुक्त संचालक, 1 DEO, तीन सहायक संचालक, एक डाईट प्राचार्य और दो BEO को सस्पेंड किया गया है। शिक्षा विभाग में पदस्थापना संशोधन घोटाले की आंच कहां तक जायेगी, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। मंत्री भी मानते हैं कि बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई है, जिस पर कार्रवाई की जानकारी जरूरी है। एक मामले को लेकर अब तक 11 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का छत्तीसगढ़ में ये पहला मामला है।




रायपुर के संयुक्त संचालक, दुर्ग के संयुक्त संचालक, सरगुजा के संयुक्त संचालक और बिलासपुर के संयुक्त संचालक पर कार्रवाई हो चुकी है। बस्तर के संयुक्त संचालक की रिपोर्ट अभी आयी नहीं है। रायपुर में एक साथ 8 अफसरों पर कार्रवाई हुई। कुल मिलाकर अब तक 10 अफसरों पर गाज गिर चुकी है।

**रायपुर में 778 आवेदन में से 543 का किया गया संशोधन**

रायपुर में एक साथ आठ अफसरों को सस्पेंड करने का आदेश दिया गया है। हालांकि संयुक्त संचालक रायपुर के कुमार का तबादला पिछले दिनों ही हो गया था, लेकिन आरोप है कि जाने से पहले उन्होंने बड़ी संख्या में 543 संशोधन किये। जिन आठ लोगों को सरकार ने निलंबित किया, उन पर आरोप ये था कि प्रमोशन के लिए राज्य सरकार ने जो कमेटी बनायी थी, उसमें तत्कालीन जेडी के कुमार, डीईओ बलौदाबाजार सीएस ध्रुव, डाईट प्राचार्य आरके वर्मा, सहायक संचालक डीएस ध्रुव, सहायक संचालक शैल सिन्हा और सहायक संचालक उषा किरण खलको को शामिल किया गया था।

## मुख्यमंत्री ने शहीद विद्याचरण शुक्ल को उनकी जयंती पर किया याद



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद विद्याचरण शुक्ल की 02 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने श्री विद्याचरण शुक्ल को याद करते हुए कहा कि विद्याचरण जी ने केन्द्रीय मंत्री के रूप में कई सालों तक छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया और देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विकास की राहें भी प्रशस्त की। भारत सरकार के मंत्री के रूप में उन्होंने संचार, गृह, रक्षा, वित्त, योजना, विदेश, संसदीय कार्य मंत्रालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। वह एक कुशल राजनेता और प्रशासक के रूप में जाने जाते हैं। श्री बघेल ने कहा है कि झीरम घाटी नक्सली हमले में विद्याचरण जी की शहादत, छत्तीसगढ़ कभी भुला नहीं पाएगा।

### तिल्दा-नेवरा में सजा पंडित प्रदीप मिश्रा का दरबार

# शिव महापुराण सुनने दूर-दूर से पहुंच रहे भक्त

**रायपुर/तिल्दा।** 1 अगस्त से 7 अगस्त तक तिल्दा नेवरा में स्थित BNB हाई स्कूल ग्राउंड (दशहरा मैदान) में पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण का आयोजन किया गया है जिसका सोमवार प्रथम दिन हैं। प्रथम दिन की कथा दोपहर दो बजे से शुरू होगी। रविवार शाम 6:00 बजे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा रायपुर एयरपोर्ट में आगमन हुआ। इसके बाद नेवरा के आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा एयरपोर्ट में पुष्पगुच्छ देकर पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत किया गया। रायपुर एयरपोर्ट से पंडित प्रदीप मिश्रा रात्रि 9:00 बजे तिल्दा नेवरा पहुंचे। पंडित प्रदीप मिश्रा के आगमन के बाद भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। बाजे गाजे के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया।





*भक्तों के आवागमन को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई। पुलिस वालों के साथ ही हजारों वॉलिंटियर्स निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा दे रहे हैं। बता दें कि, शिव महापुराण कथा शुरू होने के दो दिन पहले ही शिव भक्तों का आना शुरू हो गया था और अंदाजा लगाया जा रहा है कि पहले दिन की कथा में शामिल होने के लिए लगभग दो लाख लोग कथा स्थल पहुंच रहे हैं।*

## एक नजर

छत्तीसगढ़ के IAS अफसरों के विभाग बदले

### सुब्रत साहू को PWD अपर सचिव का अतिरिक्त प्रभार

***सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश***



**रायपुर।** प्रदेश सरकार ने सीनियर IAS अफसरों को उनके मौजूदा विभागों के साथ कुछ अन्य विभागों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी किए गए आदेश में मुख्यमंत्री के अपर सचिव सुब्रत साहू को लोक निर्माण विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। साहू अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ इस विभाग के अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी संभालेंगे। आईएएस भुवनेश यादव को महिला एवं बाल विकास विभाग का सचिव और वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग के सचिव और निशक्तजन विभाग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भीम सिंह को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं आईएएस अलोक कटियार को लोक निर्माण विभाग के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। साथ ही राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

# मेरे चेहरे की चमक का राज छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की दुआ है- सीएम

### बिलासपुर में पीएससी की तैयारी करने वाले युवाओं की सुविधा के लिए अगले सत्र से आरंभ होगा हॉस्टल

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली बहुविकल्पीय परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की माँग के आधार पर आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के वर्गवार कटआफ सूची लिखित परीक्षा के साथ जारी की जाएगी।

पीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में इंटरव्यू में जो ज्यादा नंबर हैं उन्हें भी कम किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में संभागस्तरीय युवा सम्मेलन के दौरान पीएससी के इन निर्णयों से युवाओं को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बिलासपुर के लिए हवाई मार्ग से जाने वाले थे लेकिन मौसम खराब होने की वजह से हेलीकाप्टर नहीं उड़ सका। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर युवाओं को सड़क मार्ग से आने की सूचना दी। ट्वीट में लिखा कि कका और आपके बीच मौसम नहीं आ सकता है। मैं सड़क मार्ग से आपके पास जल्द पहुंच रहा हूँ।





कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया का सबसे युवा देश हमारा भारत है और उसका हृदय स्थल छत्तीसगढ़ है। जब मैंने विधानसभा वार भेंट मुलाकात कार्यक्रम किया तो मैंने महसूस किया कि युवाओं के साथ अभी खूब सारी बातचीत करनी बची है और फिर युवाओं से संभागस्तरीय भेंट मुलाकात का निश्चय किया। सबसे पहले रायपुर संभाग के युवाओं से मिला और आज बिलासपुर संभाग के युवाओं से मिलने आया हूँ।

मुख्यमंत्री ने चर्चा में बताया कि राज्य शासन युवा हित को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं चला रही हैं। हमने व्यापम और पीएससी में फीस माफ कर दी है। 4 माह में युवाओं को 112 करोड़ रुपए का बेरोजगारी भत्ता दिया गया है। 41 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। एसआई की भर्ती के नतीजे शीघ्र ही आ जाएंगे।

इस मौके पर उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, संसदीय सचिव श्री चन्द्र देव राय , बिलासपुर विधायक श्री शैलेश पांडे, विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया, विधायक श्री रामकुमार यादव , महापौर श्री रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री विनोद वर्मा, श्री प्रदीप शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही वन विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्कूल शिक्षा सचिव श्री एस. भारतीदासन, संभागायुक्त श्री भीम सिंह, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



छत्तीसगढ़ के एससी वर्ग को मिले 16 प्रतिशत आरक्षण

## लाल सिंह आर्य बोले-कांग्रेस ने रिजर्वेशन घटाया, रायपुर में हुई बीजेपी एससी मोर्चा की बैठक

**रायपुर।** रायपुर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बड़ी बैठक हुई है। यहां छत्तीसगढ़ समेत देश के अनुसूचित जाति वर्ग के मामलों पर भाजपा नेचुनावी रणनीति तैयार की है। देश के अलग-अलग राज्यों से SC मोर्चा के भाजपा नेता रायपुर पहुंचे हैं।

मंगलवार को इसे लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि इस बैठक में हम रचनात्मक, संगठनात्मक और आंदोलनात्तमक रणनीति तैयार कर रहे हैं। देश में कांग्रेस अनुसूचित वर्ग को शोषित कर रही है। आर्य ने कहा- छत्तीसगढ़ में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर रोस्टर का पालन नहीं हो रहा। कांग्रेस साजिश के तहत स्ष्ट समाज में भ्रांति पैदा कर रही है कि राज्यपाल महोदय आरक्षण जो SC वर्ग का बढ़ाया जाना है, उसपर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।



मुझे जानकारी है कि भारतीय जनता पार्टी ने SC के आरक्षण को 16 परसेंट करने कि लिए कहा था। कांग्रेस सरकार ने एसटी का आरक्षण बढ़ाया है, हम इसके विरोध में नहीं है, लेकिन अनुसूचित जाति का भी उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए, जो कम किया गया है। स्ष्ट वर्ग का आरक्षण तत्काल बढ़ाएं, ताकि अनुसूचित जाति के गरीब बच्चे, शोषित लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### राजधानी में पुलिस का सरप्राइज चेकिंग

# आउटर कॉलोनियों में मारा छापा, धरे गए 100 से ज्यादा बदमाश

**रायपुर।** राजधानी में बढ़ते क्राइम पर लगाम लगाने के लिए पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस ने तड़के आउटर कॉलोनियों में छापेमारी की जिसमे 100 से ज्यादा निगरानी बदमाशों की धर पकड़ की। टिकरापारा थाना इलाके की बोरिया आरडीए और बीएसपी कालोनियों और देवपुरी हाउसिंग बोर्ड कालोनी समेत ईरानी डेरा और भाटागांव बस स्टैंड समेत डीडी नगर की कई कालोनियों में पुलिस ने छापा मारा। कई स्थायी और गिरफ्तारी वारंटियों समेत थानों के निगरानी बदमाश को हिरासत में लेकर थाने लाया गया।



राजधानी रायपुर की आउटर कालोनियों में उस वक?त हड़कंप मच गया जब पुलिस ने मंगलवार सुबह सरप्राइज दबिश दी। रायपुर पुलिस ने 17 लोकेशनों पर सरप्राइज दबिश दी है। पुलिस की इस सरप्राइज चेकिंग में 6 सीएसपी और 12 थानेदारों के साथ बड़ी संख?या में जवान थे।

6 सीएसपी और 12 थानेदारों के नेतृत्व में टीम ने अलग-अलग इलाकों में सरप्राइज चेकिंग की। बताया जा रहा है कि इस सरप्राइज चेकिंग के तहत सभी थानों में 100 से ज्यादा वारंटी, निगरानी बदमाश समेत आसामाजिक तत्वों की पकड़े गए हैं।

**प्रबतिबंध...** *अब गैर बासमती राइस को एक्सपोर्ट करने पर भारत सरकार ने प्रतिबंध लगाया है*

# गैर बासमती राइस एक्सपोर्ट पर बैन का छत्तीसगढ़ में कितना असर किसानों की चिंता बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है. राज्य में अधिकांश किसान धान की खेती पर ही निर्भर रहते हैं. पानी की कमी नहीं होने के कारण ज्यादातर किसान खरीफ और रबी फसल में धान की फसल लेते हैं लेकिन एमएसपी पर केवल खरीफ फसल ही खरीदी की जाती है।

उसमें भी प्रति एकड़ में 15 क्विंटल की खरीदी होती है. इसके कारण किसानों का पास भारी मात्रा में धान स्टॉक रहता है. जिसे किसान खुली मंडी या बाजारों में बेचते हैं जिनकी एमएसपी के आसपास ही यानी 2 हजार रुपए प्रति क्विंटल में बिक्री हो जाती है । इस धान को बड़े-बड़े व्यापारी और राइस मिलर्स खरीदते हैं लेकिन अब गैर बासमती राइस को एक्सपोर्ट करने पर भारत सरकार ने प्रतिबंध लगाया है तो इसका असर किसानों पर पड़ने वाला है।

**छत्तीसगढ़ में 6 होता है बासमती का उत्पादन**

जानकारों की माने तो राज्य में बासमती धान केवल 6 प्रतिशत उत्पादन होता है. लेकिन भारी मात्रा में गैर बासमती राइस का उत्पादन होता है. 2022 -23 खरीफ फसल की बात करें तो छत्तीसगढ़ में 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है.इससे 65 लाख मीट्रिक टन चावल बनता है और 15 से 20 लाख टन चावल एक्सपोर्ट होता है.



इसके साथ एक अनुमान के मुताबिक किसान प्रति एकड़ में 20 से 25 क्विंटल का उत्पादन कर लेते हैं और केवल सरकारी मंडी में 15 क्विंटल की खरीदी होती है तो 5 से 10 क्विंटल धान किसानों के पास बच जाता है. इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। गौरतलब हो कि राज्य में 24 लाख से अधिक पंजीकृत किसान हैं जो सरकारी मंडी में धान बेचते हैं. देश में चावल उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश में सातवें नंबर पर आता है। छत्तीसगढ़ में लगभग 10 लाख टन चावल फंस गई है. ये चावल किसानों के पास हैं इसे अब कौन खरीदेगा. इससे किसानों को घाटा होगा. निर्यात जारी रहने से किसानों को प्रति क्विंटल 2 हजार रुपए के आस पास धान का दाम मिलता था।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए जूनियर डॉक्टर्स, सरकारी अस्पतालों में इलाज प्रभावित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जूनियर्स डॉक्टर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे सरकारी अस्पतालों में इलाज प्रभावित हुआ है। प्रदेश के सबसे बड़े अंबेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स और पोस्ट पीजी रेजिडेंट्स आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। स्टाइपेंड और बॉन्ड कम करने की मांग को लेकर ये हड़ताल की जा रही है। प्रदेश में जूनियर डॉक्टर्स की संख्या 3 हजार से ज्यादा है। ये सभी प्रदेश अलग-अलग जिलों के मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हैं। हालांकि इमरजेंसी सर्विसेस में योददान देंगे




लेकिन इसके बाद भी कोई फैसला शासन की तरफ से नहीं आता तब पूरी तरह से सारी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। इसमें सभी सरकारी कॉलेज के लगभग 3 हजार पीजी, इंटर्न, बॉन्ड भरे हुए डॉक्टर्स काम बंद कर देंगे। इसके अलावा पोस्ट पीजी के रेजिडेंट्स को भी कम मानदेय दिया जा रहा है इसलिए वे ही जूडॉ के साथ हड़ताल पर रहेंगे। रायपुर के अलावा सरगुजा, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव के सरकारी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स भी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं।

# बड़ा प्रश्नः अगर इंडिया ही भारत है तो फिर नाम बदलने की जरूरत क्यों ?

विपक्षी दलों के नए गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) रखे जाने के बाद भारत के वैकल्पिक संवैधानिक नाम ''इंडिया'' के बजूद पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इससे पहले भी इंडिया नाम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी जिसे 3 जून 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उस समय दिल्ली के एक व्यक्ति ने इसे औपनिवेशिक शब्द बता कर इसको संविधान के अनुच्छेद 1 से हटाने के लिए याचिका दायर की थी जिस पर तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश अरविन्द बोवडे की खण्डपीठ ने कहा था कि संविधान में पहले स्पष्ट किया गया है कि इंडिया ही भारत है। लेकिन अब तो सत्ताधारी भाजपा के सांसद नरेश बंसल ने भी इसे राज्यसभा में उठा दिया।

### भाजपा की ओर से उठी है इंडिया नाम हटाने की मांग

उत्तराखण्ड से राज्यसभा सांसद नरेश बंसल की मांग को हल्के ढंग से नहीं लिया जा सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री को पिछले वर्ष लालकिले की प्राचीर से दिए गए उनके भाषण की ओर भी उनका ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा था कि दास्तां के प्रतीक औपनिवेशिक चिन्हों से देश को मुक्ति दिलाना है। साथ ही आजादी के अमृत काल के लिए 5 प्रणों में से एक प्रण औपनिवेशिक माइंडसेट से देश को मुक्ति दिलाना भी है। केन्द्र की मोदी सरकार धारा 370 को हटाने जैसा कठिन कार्य कर चुकी है और समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रही है। इसलिए आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले संविधान के अनुच्छेद एक में संशोधन कर ''इंडिया'' शब्द को हटा दिया जाय तो आश्चर्य नहीं होगा। वैसे भी देश में औपनिवेशिक शासन की याद दिलाने वाले प्रतीक चिन्हों को मिटाने और नाम बदलने का अभियान चल ही रहा है।

### देश का नाम बदलने का अलग से प्रावधान नहीं

राज्यों का नाम बदलना या उनका गठन और विस्तार करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत संसद को दिया गया है, लेकिन देश का नाम बदलने का उल्लेख अलग से कहीं नहीं है। इसलिए यह कार्य संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत ही किया जा सकता है। इस प्रावधान के अनुसार संविधान से इंडिया नाम हटाने के लिए उन प्रासंगिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता होगी जहां ''इंडिया'' नाम का उल्लेख है।

संशोधित किए जाने वाले




प्रावधान की प्रकृति के आधार पर, इसके लिए साधारण बहुमत या विशेष बहुमत की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, किसी भी संवैधानिक संशोधन की तरह, संविधान की कुछ 'बुनियादी विशेषताएं' हैं जिनमें संशोधन नहीं किया जा सकता है।

इन बुनियादी विशेषताओं, जिन्हें ''बुनियादी संरचना'' सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है, इनमें वे तत्व शामिल हैं जो संविधान और देश का सार और

> राज्यों का नाम बदलना या उनका गठन और विस्तार करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत संसद को दिया गया है, लेकिन देश का नाम बदलने का उल्लेख अलग से कहीं नहीं है।

पहचान बनाते हैं।

संविधान के भाग 1 अनुच्छेद (1) में देश के नाम और क्षेत्र का उल्लेख किया गया है। जिसमें साफ लिखा है कि राज्यों के संघ का नाम इंडिया यानी कि भारत होगा। मतलब साफ है कि देश का संवैधानिक नाम इंडिया और भारत दोनों ही है। इस नाम को संविधान सभा द्वारा भारत के लोगों की ओर से 26 नवम्बर 1949 को संविधान के साथ ही अंगीकार किया गया और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हो गया।

नए गणतांत्रिक भारत के जन्म की ऐतिहासिक घड़ी में भारत के अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने भारत के लोगों द्वारा 26 नवम्बर 1949 को संविधानसभा में अंगीकृत संविधान के अनुसार भारत को सम्प्रभुता सम्पन्न गणराज्य की अधिघोषणा करते हुए कहा था कि, ''और जबकि उक्त संविधान द्वारा यह घोषित किया गया है कि इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ होगा जिसमें संघ के भीतर वे क्षेत्र शामिल होंगे जो अब तक राज्यपाल के प्रांत, भारतीय राज्य और मुख्य आयुक्तों के प्रांत थे''।

''इंडिया'' शब्द या नाम अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 'इंडिया' नाम का इतिहास बहुत पुराना है और यह दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक से जुड़ा हुआ है। इस नाम का उपयोग सदियों से इस क्षेत्र और इसके लोगों को संदर्भित करने के लिए किया जाता रहा है। इस नाम को बनाए रखने से ऐतिहासिक निरंतरता और सांस्कृतिक पहचान की भावना सुनिश्चित होती है। ''इंडिया'' नाम देश के भीतर विविध संस्कृतियों के लिए एक एकीकृत कारक के रूप में कार्य करता है। भारत एक बहु-जातीय, बहुभाषी और बहु-धार्मिक राष्ट्र है और ''इंडिया'' नाम इसके नागरिकों के बीच साझा पहचान और एकता की भावना प्रदान करता है।

इंडिया नाम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक मान्यता प्राप्त है। यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों, राजनयिक बातचीत और विभिन्न वैश्विक प्लेटफार्मों में उपयोग किया जाने वाला आधिकारिक नाम है।

### नाम बदलने की प्रक्रिया होगी जटिल

इंडिया नाम देश के संविधान और कानूनी दस्तावेजों में निहित है। नाम बदलने के लिए जटिल कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं की आवश्यकता होगी, जिसे लागू करना चुनौतीपूर्ण होगा। इंडिया नाम देश के लिए एक ब्रांड बन गया है, जो इसकी समृद्ध संस्कृति, विरासत और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है।

जयसिंह रावत

## संपादकीय

### सरकार की तरह नड्डा का संगठन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने कार्यकाल का विस्तार होने के छह महीने बाद अपने संगठन का ऐलान किया। उन्होंने संगठन में ज्यादा बदलाव नहीं किए। ज्यादातर पदाधिकारियों को उन्होंने बनाए रखा है। थोड़े से नए चेहरे संगठन में शामिल किए गए हैं। उनके 38 लोगों के संगठन को देख कर लग रहा है कि जिस तरह नरेंद्र मोदी की सरकार में पिछड़े, दलित और आदिवासी को महत्व दिया गया है वैसे ही नड्डा के संगठन में भी है। यह एक तरह से भाजपा की राजनीति में हो रहे स्थायी बदलाव का संकेत है। ध्यान रहे कुछ समय पहले तक कहा जा रहा था कि भाजपा ब्राह्मणों और बनियों की पार्टी है। लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। बनियों को भाजपा में अब भी प्रमुखता मिल रही है लेकिन ब्राह्मण और दूसरी अगड़ी जातियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2021 में जब अपनी सरकार में फेरबदल की थी तब उन्होंने संसद में अपनी नई टीम का परिचय कराते हुए बड़े गर्व से कहा कि उनकी सरकार में पिछड़ी जाति के कितने लोग मंत्री बनाए गए हैं। भाजपा ने इतिहास बनाने का दावा किया। खुद प्रधानमंत्री कई बार कह चुके हैं कि वे पिछड़ी जाति से आते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद ब्राह्मण हैं लेकिन उनकी 38 लोगों की टीम में मुश्किल से पांच ब्राह्मण चेहरे हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि नड्डा ने अपनी टीम में नौ महामंत्री बनाए हैं, जिनमें से कोई ब्राह्मण नहीं है।

# आगे बढ़ता भारत आखिर महिलाओं और बच्चियों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहा है ?

*मणिपुर में 19 जुलाई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने का वीडियो वायरल हुआ था, उस घटना ने देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है। अब ऐसी ही एक घटना पश्चिम बंगाल के मालदा में सामने आई है। यहां भीड़ ने दो महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। यह घटना मालदा के बामनगोला पुलिस स्टेशन के पाकुआ हाट इलाके में हुई। दोनों पीड़ित महिलाएं आदिवासी हैं।*

जब उनकी पिटाई हो रही थी और कपड़े उतारे जा रहे थे तो पुलिस वहां मूकदर्शक बनी खड़ी हुई थी। बात केवल आदिवासी महिलाओं की नहीं है, बात केवल महिलाओं पर हो रहे अपराधों, यौन-उत्पीड़न, बलात्कार, हिंसा की भी नहीं है, बल्कि अधिक विचलित करने वाली बात महिलाओं एवं बच्चियों के लापता होने की है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2021 के बीच यानी मात्र तीन वर्षों में देश भर में 13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। इन लापता होने वाली लड़कियों और महिलाओं में दलित, आदिवासी जनजाति की संख्या ज्यादा है। एक आदिवासी महिला के देश के राष्ट्रपति होने के बावजूद महिलाओं पर बढ़ते अपराध एवं लापता होने की घटनाएं अधिक चिन्ता का सबब है।



> विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर एवं दुनिया की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही हैं।

विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर एवं दुनिया की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही हैं। आज जब देश में हर मुद्दे पर बहस छिड़ जाना आम बात हो गई है, दर्जनों टी.वी. चैनल एक से ही सवाल पर घंटों बहस करते हैं, आम चुनाव की चौखट पर खड़े देश के राजनीतिक दल ज्वलंत मुद्दों के नाम पर सरकार को घेरने की तलाश में रहते हैं तो इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के लापता होने एवं यौन-उत्पीड़न के सवाल पर बहस क्यों नहीं छेड़ी जाती? बहस इस बात पर भी होनी चाहिए कि दिल्ली के निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को कठोर किया गया लेकिन कानून बन जाने के बाद भी स्थितियां क्यों नहीं सुधरी हैं? चिन्ता का कारण है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में कोई विशेष कमी आती नहीं दिख रही है। वे पहले की ही तरह यौन अपराधियों का शिकार बन रही हैं, लापता हो रही है। छेड़छाड, बलात्कार, अपहरण, लापता होने और दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि तमाम कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं होने के बावजूद आखिर इतनी बड़ी संख्या में लड़कियां और महिलाएं कहां गायब हो रही हैं? यह वह प्रश्न है, जिसका उत्तर नीति-नियंताओं के साथ ही समाज को भी देना होगा, क्योंकि यह ऐसा मामला नहीं, जिसके लिए केवल सरकारों को कठघरे में खड़ा कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाए। गायब होती लड़कियों और महिलाओं के मामले में समाज भी उत्तरदायी है। स्वयं को देश का भाग्य निर्माता मानने वाले राजनीतिक दल भी इसके दोषी हैं। इन सबको अपने अंदर झांकना होगा और स्वयं से यह प्रश्न करना होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश के कई हिस्सों में अभी बालक-बालिकाओं का अनुपात संतुलित नहीं हुआ है, क्योंकि कन्या भ्रूण हत्या का सिलसिला कायम है। यह सिलसिला कानूनों को कठोर करने के बाद भी कायम है।

ललित गर्ग

## मिला जुला

# पांच साल से बुनियादी सुविधा के लिए तरसता प्राथमिक शाला लाखझार

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

स्मार्ट युग तो चल रहा है पर स्वच्छ भारत मिशन इस विद्यालय से कोसों दूर नजर आ रहा है। जहां सोच है वहां शौचालय है इस पर किसी को ध्यान नहीं है। न संस्था को न जनप्रतिनिधियों को बेटियां इस विद्यालय में पढ़ाई करने आ तो रहे हैं। महिला महिला शिक्षिका इस विद्यालय में पढ़ाने तो आ रहे हैं। लेकिन शौच पेशाब के लिए कोई व्यवस्था नहीं। यहां शासन इतना बेबस कमजोर नजर आ रहा है कि बच्चे प्लास्टिक के बनाए घेरे में पेशाब कर रहे हैं। नई शिक्षा सत्र के साथ छत्तीसगढ़ सरकार के दावे शिक्षा को बेहतर बनाने के प्रयास में कई योजनाएं चला रहे हैं। शिक्षक शिक्षकों को नए-नए तरीकों से बुनियादी जरूरतों शिक्षा को पूरा करने शिक्षक शिक्षिकाओं को तथा माताओं को प्रशिक्षण करा रहे हैं। वही इस स्कूल ने शिक्षा विभाग और जनप्रतिनिधियों के पोल खोल कर रख दिया है। जिसमें बिना बाउंड्री शौचालय के स्कूल संचालन किया जा रहा है। मामला है जशपुर जिले के पत्थलगांव विकासखंड पालीडीह का जिसमें बच्चे इस आधुनिक युग में भी सारी सुविधा से दूर अपनी तकदीर लिख रहे हैं। स्कूल की प्रधानाध्यापिका उर्सेला कुजूर ने बताया कि इस विद्यालय में 32 से अधिक आदिवासी बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। जिसमें





सबसे अधिक लड़कियां हैं। जब भी शौच या लघुशंका के लिए बच्चे शिक्षकों से कहते हैं। तो बच्चों को शिक्षकों द्वारा शौच के लिए बाहर ले जाया जाता है जिसमें बाउंड्री नहीं होने से बाहर वाहनों से बच्चों को खतरा लगा रहता है। इस कारण बच्चों को अकेले शौच या लघुशंका के लिए बाहर भेजना खतरे से खाली नहीं रहता है। जिसमें आधा से ज्यादा इसी कशमकश में कट जाता है जिसका पढ़ाई में असर पड़ा है। कई बार मांग की गई कि यहां शौचालय बाउंड्री जल्दी बनवाया जाए। लेकिन, अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

# जनचौपाल में आए 94 आवेदन

* प्राप्त प्रकरणों को निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को किया गया निर्देशित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचें लोगों से अपर कलेक्टर प्रदीप साहू एवं दिनेश कुमार ने मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।**



आवेदकों ने बारी-बारी से अपर कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। जनचौपाल में आज 94 लोगों ने आवेदन दिए। जिसके अंतर्गत एसईसीएल कोरबा कृष्णानगर वार्ड निवासी छात्रा मयंक वैष्णव ने मांग रखी कि वह सीपेट में डीपीएमडी कोर्स में प्रवेश लेना चाहती है। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह सीपेट की निर्धारित शैक्षणिक शुल्क जमा करने में असमर्थ है। छात्रा ने उक्त कोर्स में प्रवेश हेतु आर्थिक सहयोग करने की मांग की। इस संबंध में अपर कलेक्टर ने छात्रा की मांग पर उचित कार्यवाही करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम केरवाद्वारी निवासी पहाड़ी कोरवा रत्थोलाल ने शासकीय नौकरी की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वे आर्थिक रूप बहुत परेशान हैं। वह पैर से दिव्यांग हैं एवं अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति हैं, उनके परिवार का जीविकोपार्जन का मुख्य जरिया रोजी-मजदूरी है। अतः उन्होंने योग्यतानुसार शासकीय कार्यालय में नौकरी दिलाने की मांग रखी। अपर कलेक्टर ने इस संबंध में सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को निर्देशित किया है। इसी प्रकार स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, मुआवजा प्रकरण के निराकरण, लंबित मजदूरी भुगतान, बिजली समस्या संबंधी शिकायतें, नामांतरण, सीमांकन, पेंशन प्रकरण, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन भी शामिल रहे। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अध्यादेश पर केजरीवाल को झटका!

# कांग्रेस नेता बोले- बिल का विरोध गलत

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों का गठबंधन INDIA को भले ही एनडीए विरोधी दलों की एकता का प्रतीक कहा जा रहा है कि लेकिन राज्यों में इनके अपने-अपने हित हैं और ये दल इन्हीं को लेकर एक-दूसरे का विरोध कर रहे हैं. विपक्षी दलों के गठबंधन INDIA में फूट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. पश्चिम बंगाल के बाद अब दिल्ली में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी का विरोध कर दिया. उसने यह विरोध केंद्र के अध्यादेश को लेकर किया.

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि दिल्ली का जो दर्जा है, उस हिसाब से इस अध्यादेश को पास होना चाहिए, जिसमें कोई गलत




बात नहीं है. अगर दिल्ली को शक्ति देनी है, तो इसे पूरा राज्य बनाएं. यह अध्यादेश उन्हीं शक्तियों का बंटवारा उसी तरह कर रहा है, जो दिल्ली की संवैधानिक संशोधन और दिल्ली अधिनियम की मूलभावनाओं में था, इसलिए इस बिल का विरोध करना गलत है.

### कांग्रेस विरोध में तो संदीप के बयान का महत्व नहीं

इधर आप ने संदीप दीक्षित के बयान पर कहा कि उनकी राय का कोई महत्व नहीं है, जब कांग्रेस हमारा समर्थन कर रही है, विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा,'संदीप दीक्षित तो सांसद भी नहीं हैं. जब कांग्रेस नेतृत्व ने विधेयक का विरोध करने का फैसला किया है, तब संदीप दीक्षित के इस पर कुछ कहने का कोई महत्व नहीं है. उनको कोई नहीं पूछता और न अंदर और न बाहर. विपक्ष का गठबंधन इस अध्यादेश के खिलाफ वोट करेगा.'

# जनपद पंचायत पत्थलगांव में सर्पदंश कार्यशाला का हुआ आयोजन

सर्पदंश से बचने के उपाय एवं सर्पदंश होने पर ईलाज के संबंधी में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्पदंश प्रशिक्षण कार्ययोजना तैयार कर जिले के समस्त विकास खंडों में सर्पदंश जन जागरूकता अभियान के तहत् सरपंच, सुपरवाइजर, डब्ल्यूसीडी, मितानिन, एमटी, बीसी, सुपरवाइजर स्वास्थ्य, सी.एच.ओ. ए.एन.एम. बैगा-गुनिया, गांव प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पत्थलगांव विकासखण्ड के जनपद पंचायत सभाकक्ष में




सर्पदंश कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राथमिक शाला तेतरटोली के सहायक शिक्षक कैसर हुसैन के द्वारा सर्प के संबंध में जानकारी देते हुए सर्पदंश से बचने के उपाय एवं सर्पदंश होने पर ईलाज इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। इस दौरान खंडचिकित्सा अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर, सी.एच.ओ, बी.सी., एम.टी. मितानिन एवं ग्राम पंचायत से सामाजिक कार्यकर्ता और बैगा-गुनिया उपस्थित थे। कार्यशाला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, मिशन इंद्रधनुष, वजन त्यौहार एवं यू-विन पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई।



जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 2 अगस्त 2023

# गरियाबंद के सावन उत्सव में महिलाओं ने की शिव की पूजा

शिव के 51 पार्थिव विग्रह की पूजा कर मांगी पति के लिये लम्बी उमर एवं परिवार की समृद्धि

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

सावन में महिलाओं के सावन उत्सव हर साल मनाया जाता है इस वर्ष भी गरियाबंद के स्वालम्बी महिला स्वसहायता समूह ने सप्तरंगी परिधान में उत्सव को मनाया। उत्सव को तनु साहू ने सरस्वती बंदना से शुरू किया वही सावन के गीतो पर थिरकते दिखे। इस अवसर पर मेहंदी, साज सज्जा आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। इस अवसर पर तनु साहू,मिलेश्वरी साहू सारिका महाडिक, गुलेश्वरी ठाकुर, नेहा प्रिति मिश्रा,धानी मानिकपुरी,मुक्ति देवांगन,प्राचि कुटारे, बिंदु वर्मा, पुष्पा साहू, प्रतिभा हमने, साक्षी कुटारे, शीतल बापचे,सुनिता साहू, सायमा,जान्हवी सोनी, सुषमा सिन्हा,विद्या साहू,पिंकी पैंकरा, नेहालिका, शानू, गूंजा टेकाम,प्रमिला,सहित 50 से अधिक महिलाये शामिल थे।



### 51 पार्थिव शिवविग्रह की पूजा

मान्यता है कि सावन के महिने में पार्थिव शिव विग्रह की पुजा कर जो भी मांगेंगे उसे भर लेना पूरी कर देते है। गरियाबंद की स्वालम्बी स्व सहायता समूह की 51 महिला सदस्यो ने 51पार्थिव शिव विग्रह की पूजा कर पति के लिये लम्बी आयु और सुख समृद्धि मांगा है। मान्यता ये भी है कि इस समय महादेव काल होता है और शिव के हाथ तीनो लोक के संचालन का जिम्मा होता है अगर शिव खुश हो गये तो सभी चीज मिल जाता है इसलिये महिलाये शिव आराधना कर मन्नते मांगती हैं। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने किया पौधा रोपण वही स्वसहायता समूह की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने नगर में वृक्षा रोपण किया समूह की अध्यक्ष तनु साहू ने कहा ग्लोबल वार्मिंग को समाप्त करना है तो सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उसका संरक्षण करना होगा।

# सड़क में बैठने वाले घुमंतु गाय बछड़ों को किया जा रहा व्यवस्थित और टैगिंग



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर जिले के सड़को में घुमंतु और आवारा पशुओं के कानों में टैग कर और गले में रेडियम पहनाया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही साथ जिला प्रशासन द्वारा गाय। बछड़ों के मालिकों को समझाइश दी जा रही है कि अपने पशुओं को घर में बांध कर रखें। पशुधन विकास विभाग, नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों का संयुक्त अभियान विगत कई दिनों से प्रतिदिन चलाया जा रहा है। नगरपालिका सारंगढ़ सहित नगर पंचायत बिलाईगढ़, भटगांव, सरिया, बरमकेला में ऐसे गाय। बछड़ों को पकड़कर कांजी हाउस और गोठान में रखा जा रहा है। जहां उनको चारा पानी दी जा रही है। ये कार्य पशुधन विकास विभाग की टीम सरसीवां, कोसीर, दानसरा, सालर, कनकबीरा, रेड़ा, हरदी, गोडम, टिमरलगा आदि में प्रतिदिन कर रही है।

# बच्चों में कुपोषण दूर करने आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू हुआ वजन त्यौहार

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।





बच्चों में कुपोषण का स्तर जांचने और सुपोषण के प्रति पालकों को जागरूक करने के लिए जिले में वजन त्यौहार शुरू हुआ है। एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ परियोजना में और डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी ने सारंगढ़ परियोजना के आंगनबाड़ियों में बच्चों का वजन और ऊंचाई का माप लिया। इस वजन त्यौहार में बच्चों की उम्र के आधार पर उनके पोषण स्तर का निर्धारण होगा। बच्चों के सुपोषण के लिए उनके वजन की जानकारी होना जरूरी है। बच्चों को पौष्टिक आहार देते हुए उनके विकास की मानिटरिंग करना है। सामुदायिक सहभागिता से सुपोषण प्राप्त होगी। वजन त्यौहार में प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों का चयन कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा दी जारी पोषक आहार के साथ साथ बच्चों के पालकों को सुपोषण आहार देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने एकताल प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी परिसर में किया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकताल के झारापारा के प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी परिसर में रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक सुभाष चन्द सिदार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संयुक्ता पंडा व मितानिन कलावती सहित झारापारा की महिला समूह की महिलाएं व गणमान्य जन की उपस्थिति में विद्यालय एवं आंगनबाड़ी परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक सुभाष चन्द सिदार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने की शपथ दिलाई। उसके बाद बच्चों की एक सभा को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में पौधों की उपयोगिता को इस प्रकार समझ सकते है कि हमारा पूरा जीवन और खाद्य श्रृंखला पेड़-पौधों पर ही निर्भर है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि धान और गेहूं सहित जितनी फसलें हैं। उनके पौधे हमें खेतों में उगाने पड़ते हैं और उन्हीं पौधों से जो उपज होती है, उसी उपज से विश्व की मानव जाति को भोजन प्राप्त होता है। वहीं यदि पेड़ों की बात करें तो विश्व में जितने भी प्रकार के फल और ड्राई फूड हैं। वे हमें पेड़ों से ही प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त हम जिस प्राण वायु अर्थात् ऑक्सीजन को सांस लेने के लिए उपयोग करते हैं। वह भी हमें पेड़-पौधों से ही प्राप्त होता है। इसलिए मैं आप सभी बच्चों से यह चाहता हूं कि आप अपने पर्यावरण के संरक्षण के लिए गंभीर हो।

# जिले में 15 नवीन मतदान केन्द्र के प्रस्ताव को आयोग से मिली मंजूरी

* सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 03 और बिलाईगढ़ में 12 नए मतदान केन्द्र अस्तित्व में आए

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

नवगठित जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ में विधानसभा क्षेत्रवार कुल 15 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसकी स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदाय की गई है। इसके तहत सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 में 03 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जबकि दो केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तन तथा तीन के अनुभाग में परिवर्तन किया गया है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 में 12 नवीन मतदान केन्द्र की स्थापना को आयोग ने मंजूरी दी है। इस विधानसभा क्षेत्र में दो केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, 25 का भवन परिवर्तन, 09 मतदान केन्द्रों

**जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हुई**

के भवन के नाम में परिवर्तन, 03 के अनुभाग में परिवर्तन तथा 01 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन किया गया है। इस प्रकार सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 342 से बढ़कर 345 हो गई है तथा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 364 से बढ़कर 376 हो गई है। यानी मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हो गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 03 नवीन केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिनमें केन्द्र क्रमांक 98 प्राथमिक शाला भवन मुड़ियाडीह, क्र.118 प्राथमिक शाला भवन नाचनपाली और क्रमांक 196 प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष ठेंगाकोट को नवीन मतदान केन्द्र की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12 नए मतदान केन्द्र स्थापित हैं। इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 59 प्राथमिक शाला माहुलडीह, क्रमांक 85 प्राथमिक शाला भवन डोंगियाभाठा, क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव, क्र. 182 प्राथमिक शाला गंगोरीटाड़ा, क्र.192 शासकीय प्राथमिक शाला गोंदली, क्र. 242 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुरकीनडीह, क्र.256 शासकीय प्राथमिक शाला दलदली, क्र. 282 शासकीय माध्यमिक शाला तालाझर, क्र. 284 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छतालडबरा, क्र. 288 शासकीय प्राथमिक शाला भवन ढेबा,क्र. 337 प्राथमिक शाला दयालपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 354 शासकीय प्राथमिक शाला चंद्रनगर सम्मिलित हैं।

# मवेशियों की सुरक्षा को लेकर समय-सीमा बैठक में हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

घुमंतू मवेशियों के संरक्षण व सुरक्षा को लेकर आज कलेक्टर संजय अग्रवाल ने समय-सीमा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत उन्होंने पशुधन विकास विभागए नगर पालिका परिषद एवं ग्राम पंचायतों में संबंधित अधिकारियों को अपने अधीनस्थों के साथ बैठक लेकर जन जागरण कार्यक्रम चलाने एवं पशुधन को दुर्घटना से बचाने हेतु सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायतों में गांव स्तर पर भी बैठक लेने की बात कही। उन्होंने कहा सबसे पहले पशुपालकों से संपर्क कर उन्हें अपने पशुधन की उचित व्यवस्था के लिए प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही रात्रि के समय घुमंतू मवेशियों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं

**दुर्घटना से बचाने हेतु सकारात्मक दिशा में करें कार्य**

को नगण्य करने की दिशा में सभी संबंधित अधिकारी योजना तरीके से कार्य करें। इसके लिए वो मवेशियों के जमावड़े वाले स्थान को चिन्हित करें, स्पॉट पर ही रेडियम पट्टी उनके गर्दन व सिंग में लगाई जाए इस बात को सुनिश्चित करें और उनके लिए सड़क से अन्यत्र वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराएं। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जिले में निर्मित गौठानों को सुव्यवस्थित करने के लिए कहा ताकि यहां घुमंतू मवेशियों या पशुधन को स्थान दिया जा सके। इसके अलावा बैठक में फसल बीमा, जाति निवास प्रमाण पत्र, बिजली व्यवस्था के साथ साथ जिला सहकारी विकास समिति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, वनमण्डलाधिकार संजय यादव, एडीएम नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैंकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम रवि सिंह, नन्दजी पाण्डेय, सागर सिंह राज,दीपिका नेताम, डीएसपी एमानुएल लकड़ा, समस्त जनपद सीईओ, सीएमओ सहित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# किशोर न्याय संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन,गाईडलाईन की दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकरण, गोविंद नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर द्वारा किशोर न्याय बालकों की देख रेख एवं संरक्षण, अधिनियम 2015 अंर्तगत किशोर न्याय बोड़ के सभाकक्ष में सीडब्ल्यूसी विशेष पुलिस इकाई, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूरजपुर सुषमा लकड़ा तथा अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड आनंद कुमार सिंह, तथा न्यायीक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजय लकड़ा, पुनीत तिग्गा तथा प्रवीण कुजूर की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूरजपुर सुशमा लकड़ा द्वारा अधिनियम के अंर्तगत बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए सभी विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारीयों को प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसका पालन करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड आनंद कुमार सिंह द्वारा किशोर न्याय बालकों की देख रेख एवं संरक्षण, अधिनियम 2015 के विस्तृत जानकारी देते हुए विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा किये जाने वाले अपराध के तहत पुलिस की भूमिका के बारे में बताते हुए कार्यशाला में उपस्थित पुलिस कर्मचारियों द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देकर उनका समाधान किया। किशोरों से जुड़े अपराध एवं कार्यवाही के दौरान बरते जानेवाली सावधानी और उच्चतम तथा उच्च न्यायालय की गाईडलाईन की जानकारी प्रदान की गई।

# सड़क में बैठने वाले घुमंतु गाय बछड़ों को किया जा रहा व्यवस्थित और टैगिंग





जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर जिले के सड़को में घुमंतु और आवारा पशुओं के कानों में टैग कर और गले में रेडियम पहनाया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही साथ जिला प्रशासन द्वारा गाय। बछड़ों के मालिकों को समझाइश दी जा रही है कि अपने पशुओं को घर में बांध कर रखें। पशुधन विकास विभाग, नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों का संयुक्त अभियान विगत कई दिनों से प्रतिदिन चलाया जा रहा है। नगरपालिका सारंगढ़ सहित नगर पंचायत बिलाईगढ़, भटगांव, सरिया, बरमकेला में ऐसे गाय। बछड़ों को पकड़कर कांजी हाउस और गोठान में रखा जा रहा है। जहां उनको चारा पानी दी जा रही है। ये कार्य पशुधन विकास विभाग की टीम सरसीवां, कोसीर, दानसरा, सालर, कनकबीरा, रेड़ा, हरदी, गोडम, टिमरलगा आदि में प्रतिदिन कर रही है।

## एक नजर

### जिले में 1 जून से अब 336.8 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 373.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 1 अगस्त तक औसत वर्षा 479.6 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 37.1 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 365.0 मिमी, मनोरा में 432.1 मिमी, कुनकुरी में 522.8 मिमी, दुलदुला में 445.9 मिमी, फरसाबहार में 191.5 मिमी, बगीचा में 411.4 मिमी, कांसाबेल में 207.2 मिमी, पत्थलगांव में 334.6 मिमी एवं सन्ना में 453.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी तहसील में दर्ज की गई है।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

एसडीएम पत्थलगांव ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव तहसील के ग्राम घोघरा निवासी स्व. टिकेश्वर बंजारा की सड़क दुर्घटना में 20 अप्रैल 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता सुखलाल हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### खरीफ 2023 फसल बीमा प्रारंभ, अंतिम तिथि 16 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मानसून आने के पश्चात् खरीफ फसलों की बोनी कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2023 के तहत फसल को प्रतिकूल मौसम, बाढ़, कीट व्याधि, ओलावृष्टि, जल भराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली, आदि प्राकृतिक आपदाओं, कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण बुवाई विफलता, फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु रखी फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बे-मौसम, चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान की पात्रता होगी। जिला हेतु किसान धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, अरहर, उड़द एवं मूंग फसल का बीमा करा सकते है, जिसके लिए अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 निर्धारित है। योजनांतर्गत बीमा इकाई ग्राम एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल निर्धारित है। कृषि विभाग के उप संचालक एम.आर. भगत द्वारा बताया गया है कि योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भू-धारक एवं बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते है तथा अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे बुआई पुष्टि प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में सम्मिलित हो सकते है। जिला अंतर्गत फसल बीमा हेतु खरीफ फसलों के लिए 2.00 प्रतिशत कृषक प्रिमियम राशि निर्धारित है। जिसके अनुसार कृषक द्वारा देय प्रिमियम राशि धान सिंचित 900 धान असिंचित 700 मक्का 640 कोदो 300 कुटकी 320 रागी 220 मूंगफली 840 अरहर 420 उड़द 400 एवं मूंग 400 प्रति हेक्टेयर की दर से देय होगा। कृषक फसल बीमा कराने हेतु अपने संबंधित समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदाय कंपनी, लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से बीमा करा सकते है।

### कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में 2 अगस्त को होगी राजनीतिक दलों और प्रेस की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन और निर्वाचन में प्रेस के कार्यों के सिलसिले में 2 अगस्त 2023 को कलेक्ट्रेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। इसके बाद शाम 4 बजे सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक होगी।

### रायपुर में व्यवसायी के भाई घर चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर** । व्यवसायी के भाई घर चोरी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के मुताबिक प्रताप चंद्र चौरसिया ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वी.आई.पी स्टेट नारायण कुटी ओमश्री फेस-02 के सामने रहता है तथा क्रेशर का व्यवसाय है। प्रार्थी के बड़े भाई ने दिनांक 23.07.2023 को शाम 06.00 प्रार्थी को बताया कि वह परिवार सहित बैंगलोर जा रहा है, घर के मेन गेट का चाबी काम करने वाली बाई के पास है। दिनांक 24.07.2023 को दोपहर करीबन 04.30 बजे प्रार्थी के बडे भाई ने उसे फोन कर बताया कि बाई दोपहर में काम करने के लिए घर गई थी तो देखी कि घर का हॉल से लगा मेन दरवाजा खुला हुआ था एवं दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। जिस पर प्रार्थी सूचना पाकर अपने बड़े भाई के घर गया तो देखा कि घर का मेन गेट का दरवाजा खुला हुआ था, दरवाजे मे लगा ताला टूटा हुआ था, घर अंदर प्रवेश कर देखा तो पाया कि खिड़की के लोहे का ग्रिल उखड़ा हुआ था तथा सामान बिखरा हुआ था। कमरे अंदर जाकर देखा तो पाया कि अलमारियों का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखे लाखों रूपये नगदी रकम नही थे। कोई अज्ञात चोरी प्रार्थी के घर के खिड़की के लोहे के ग्रील को उखाड़ कर घर अंदर प्रवेश कर आलमारियों का ताला तोड़कर उसमें रखें मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संवाद के लिए पहुंचे युवाओं के बीच


# रायगढ़ के भीष्म ने बताया रोजगार मेले से मिली नौकरी, मुख्यमंत्री बघेल ने कहा बहुत अच्छी सूचना, बधाई के साथ दी शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली बहुविकल्पीय परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की मांग के आधार पर आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के वर्गवार कट ऑफ सूची लिखित परीक्षा के साथ जारी की जाएगी। पीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में इंटरव्यू में जो ज्यादा नंबर हैं उन्हें भी कम किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में संभागस्तरीय युवा सम्मेलन के दौरान पीएससी के इन निर्णयों से युवाओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया का सबसे युवा देश हमारा भारत है और उसका हृदय स्थल छत्तीसगढ़ है। जब मैंने विधानसभा वार भेंट मुलाकात कार्यक्रम किया तो मैंने महसूस किया कि युवाओं के साथ अभी खूब सारी बातचीत करनी बची है और फि र युवाओं से संभागस्तरीय भेंट मुलाकात का निश्चय किया। सबसे पहले रायपुर संभाग के युवाओं से मिला और आज बिलासपुर संभाग के युवाओं से मिलने आया हूं। मुख्यमंत्री ने चर्चा में बताया कि राज्य शासन युवा हित को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं चला रही हैं। हमने व्यापम और पीएससी में फ ीस माफ कर दी है। 4 माह में युवाओं को 112 करोड़ रुपए का बेरोजगारी भत्ता दिया गया है। 41 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। एसआई की भर्ती के नतीजे शीघ्र ही आ जाएंगे। इस मौके पर उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव रश्मि सिंह, बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे, विधायक लालजीत सिंह राठिया, महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, प्रदीप शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्कूल शिक्षा सचिव एस.भारतीदासन. संभागायुक्त भीम सिंह, कलेक्टर सौरभ कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





### रायगढ़ में भीष्म ने बताया रोजगार मेले से मिली नौकरी, सीएम ने दी शुभकामनाएं

भेंट मुलाकात में रायगढ़ के भीष्म कुमार बंसोड़ भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से संवाद के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रोजगार मेले से उन्हें एक निजी कंपनी में जॉब मिली है। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन के इस प्रयास से उन्हें बेरोजगारी से मुक्ति मिली है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश का आभार जताया। मुख्यमंत्री बघेल ने भीष्म कुमार बंसोड को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, उसका अधिकता अधिक युवा साथी लाभ उठाएं।

### मेरे चेहरे की चमक का राज छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की दुआ

रायगढ़ से आये युवा संग्राम सिंह ने मुख्यमंत्री से पूछा कि आपके चेहरे की चमक का राज क्या है। मुख्यमंत्री ने उत्तर दिया कि मेरे चेहरे की चमक का राज छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता की दुआ है। कोरबा से आई कविता ने बताया कि हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने के लिए बड़ा काम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया है। साइंस कालेज बिलासपुर के छात्र प्रियांशु दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा हर समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। प्रदेश में युवा ऊर्जा के लिए बहुत सकारात्मक माहौल है।

### रायगढ़ के नवीन दुबे ने मंच से रखी अपनी बात

रायगढ़ के नवीन दुबे ने कार्यक्रम के मंच से अपनी बात रखी। नवीन ने कहा कि गुरु घासीदास, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महान विभूति हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा दिया। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में हमारा छत्तीसगढ़ नया आयाम छू रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से परंपरागत खेल आगे बढ़ रहा है।

### सीजीपीएससी की तैयारी के लिए बिलासपुर में खोलेंगे हास्टल

*मुख्यमंत्री से एक छात्रा ने कहा कि बिलासपुर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा बाहर से सीजीपीएससी की तैयारी करने आते हैं। इनके लिए एक हॉस्टल हो जाएगा तो बहुत अच्छी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा सुझाव है। अगले सत्र से हॉस्टल की सुविधा हो जाएगी।*

## एक नजर

### बीएससी हॉस्पिटैलिटी और होटल प्रबंधन, खाद्य उत्पादन में डिप्लोमा, खाद्य और पेय सेवाओं में

डिप्लोमा एवं हाउसकीपिंग ऑपरेशन में डिप्लोमा कोर्स हेतु पंजीयन 4 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, नवा रायपुर में बीएससी हॉस्पिटैलिटी और होटल प्रबंधन ए खाद्य उत्पादन में डिप्लोमा, खाद्य और पेय सेवाओं में डिप्लोमा एवं हाउसकीपिंग ऑपरेशन में डिप्लोमा व डिग्री कोर्स संचालित है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि बीएससी आतिथ्य और होटल प्रशासन, खाद्य उत्पादन में डिप्लोमा, खाद्य और पेय सेवाओं में डिप्लोमा एवं हाउसकीपिंग ऑपरेशन में डिप्लोमा कोर्स में अध्ययन करने वाले छात्रों को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से डिग्री प्रदान की जावेगी। जिसमें सफ लतापूर्वक अध्ययन करने वाले छात्रों को विभिन्न देश एवं विदेश में स्थित उच्च स्तर के होटल्स में अविलम्ब रोजगार प्राप्त होता है। उक्त कोर्स में होने वाले व्यय का वहन जिला प्रशासन द्वारा किया जावेगा। यह अवसर मात्र अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों के लिए है। इस कोर्स हेतु न्यूनतम योग्यता 12वीं पास है एवं आयु सीमा 18 से 30 वर्ष है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यार्थी अपने समस्त दस्तावेज के साथ 4 अगस्त 2023 शुक्रवार को 5 बजे तक कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण, जशपुर रणजीता स्टेडियम के सामने अपना पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 9399696970 पे सम्पर्क कर सकते हैं।

### मतदान केंद्रों में मतदाता प्रतिशत की वृद्धि हेतु नेशनल कैडेट कोर संचालित संस्था के प्राचार्यो को किया आदेशित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए विगत विधानसभा निर्वाचन-18 में जिन मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत 70 प्रतिशत से कम है, ऐसे मतदान केन्द्रों में मतदाता प्रतिशत की वृद्धि किए जाने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नेशनल कैडेट कोर संचालित होने वाले शासकीय आर.बी.आर. एन.ई.एस. महाविद्यालय जशपुर, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव एवं शासकीय शोभा सिंह ठाकुर महाविद्यालय पत्थलगांव के प्राचार्यों को आदेशित किया है। साथ ही कम प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने एवं मतदाता सूची अपडेट करने तथा उस मतदान केन्द्र के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष योजनाबद्ध तरीके से कार्य के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि कम प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र में 12-जशपुर विधान सभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 264-जशपुर-13, 263-जशपुर-12, 254-जशपुर-4, 252-जशपुर-2, 259-जशपुर-8, 255-जशपुर-5, 261-जशपुर-10, 268-जशपुर-17 शामिल हैं। इसी प्रकार 13-कुनकुरी विधान सभा के मतदान केन्द्र 77-कुनकुरी-7, 81-कुनकुरी-11, 74-कुनकुरी-4, 82-कुनकुरी-17 एवं 14-पत्थलगांव विधान सभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 181-पत्थलगांव-10, 182-पत्थलगांव-11, 172-पत्थलगांव-1, 177-पत्थलगांव-6, 178-पत्थलगांव-7, 179-पत्थलगांव-8 तथा 180-पत्थलगांव-9 शामिल हैं।

### सहायक ग्रेड-03 की संविदा नियुक्ति हेतु अंतिम चयन सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला कार्यालय की निर्वाचन शाखा में सहायक ग्रेड-03 के रिक्त पांच पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद प्राप्तांकों तथा कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण के उपरांत चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम गाड़ापाली सरसींवा के प्रहलाद कुमार, सरकण्डा बिलासपुर निवासी राज ध्रुव, ग्राम कुरदा तहसील चांपा जिला जांजगीर के अरूण कुमार, फुलझरियापारा सारंगढ़ के प्रकाश कुमार बरेठ और खेलभाठा शिक्षक कॉलोनी निवासी सुश्री सुमित्रा खैरवार का चयन सहायक ग्रेड.03 के रिक्त पदों के विरूद्ध वर्गवार किया गया है। इनके अतिरिक्त 16 अभ्यर्थियों के नाम प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित हैं।

### जिले में 488.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 अगस्त तक 488.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 19.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 452.1 मिली मीटर, पुसौर में 552.8, खरसिया में 318.2, घरघोड़ा में 386.1, तमनार में 502.3, लैलूंगा में 512.6, मुकडेगा में 600.2, धरमजयगढ़ में 520.8, छाल में 405 एवं कापू में 638 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# तमनार वासियों के दर्द से वाकिफ नहीं मुख्यमंत्री भूपेश-जगेश सिंह

भाजपा नेता जगेश सिंह ने तमनार क्षेत्र में बढ़ती कोयला प्रदूषण पर आवाज उठाया

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



तमनार क्षेत्र में बढ़ते कोयला के प्रदूषण की समस्याओं को देखते हुए भाजपा नेता जागेश सिंह ने सीधे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को निशाना साधते हुए विज्ञप्ति जारी किया है और कहा है कि तमनार क्षेत्र लगातार कोयला का प्रदूषण को झेल रहा है जिससे तमनार वासियों को अनेको समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और मुख्यमंत्री भुपेश बघेल गहरी निंद्रा में लीन है। वही लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह भी इस समस्या से निजात दिलाने में असफ ल है। भाजपा नेता जागेश ने कहा कि तमनार वासियों का जीवन को नरक बनाने में अगर किसी का सबसे बड़ा योगदान है तो वह कांग्रेस के भ्रस्ट सरकार और कांग्रेस विधायक का है। तमनार में बढ़ते उद्योगों और हो बड़ी गाड़ियों के हो रहे आवागमन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बड़ी गाड़ियों से अधिकतर मुख्य सड़क भी जाम रहती है। जिससे व्यापारियों को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। साथ ही जगेश ने कहा कि गाय और बाकी पशुओं को भी कुचला जाता है और यह दु:ख दर्द ना जनप्रतिनिधियों को दिख रहा और ना ही मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को और निश्चित ही आगामी चुनाव में लैलूंगा की आम जनता कांग्रेस विधायक और यह कांग्रेस सरकार को आइना दिखाएगी इसी के साथ भाजपा नेता जागेश ने गोपाल गुप्ता व उनके साथियों का आभार भी व्यक्त किया कि उनके द्वारा लगातार घायल पशुओं की सेवा की जा रहा है।

# संविदा कर्मियों पर कार्रवाई विजय गोयल पूर्व जनपद सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अजा मोर्चा ने उठाया सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



संविदा कर्मियों की मांग पूरी करने के बजाय उन पर कार्रवाई किए जाने की धमकी को भूपेश सरकार की तानाशाही बताते हुए विजय गोयल पूर्व जनपद सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा बलौदाबाजार ने कहा प्रदेश की राजधानी में नियमितीकरण की मांग को लेकर कई दिनों से लगातार आंदोलनरत संविदा कर्मचारी की मांग भूपेश सरकार को पूरी करनी चाहिए आंदोलन कर्मचारियों की वजह से सरकारी दफ्तर में कामकाज ठप पड़े हुए हैं आम जनता को अंतहीन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रदेश भर में संविदा कर्मचारियों की संख्या पैतालिस हज़ार के लगभग है आंदोलनरत कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की बजाय भूपेश सरकार की ओर से संविदा कर्मचारियों पर एस्मा के तहत कठोर कार्रवाई का आदेश जारी किया है एस्मा के तहत कार्रवाई को सीधे तौर पर धमकी बताते हुए विजय गोयल जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा बलौदाबाजार ने इसे तुगलकी फ रमान बताया सरकार की ओर से जारी पत्र का उल्लेख करते हुए विजय गोयल ने कहा कि 3 दिनों के अंदर हड़ताल पर गए संविदा कर्मचारियों और अधिकारी काम पर नहीं लौटे तो उनके खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई होगी हड़ताल में बैठे दुखी कर्मचारियों की व्यथा सुनने की बजाय ऐसी असंसदीय भाषा का उपयोग सरकार के अहंकारी होने का प्रमाण है विजय गोयल ने भूपेश सरकार को चुनाव के पहले संविदा कर्मचारियों से किए गए वादे को विजय गोयल जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा बलौदाबाजार ने याद दिलाते हुए कहा संविदा कर्मचारियों से वादा खिलाफी कांग्रेस को महंगी पड़ेगी।और आगामी चुनाव में सविंदाकर्मी एवं उनके परिवार कांग्रेस विकल्प को समाप्त करते हुए भाजपा को एकमत होकर सरकार में लाएगी।

# पशु विभाग ने सड़क पर घूम रहे आवारा मवेशियों के गले में बांधा रेडियम पट्टी और लगाया टैग

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।





लावारिस पशु और आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट के निर्देश पर पशुधन विभाग द्वारा सड़कों में घूमने वाले आवारा पशुओं को टैग और रेडियम पट्टी लगाने का कार्य किया जा रहा है।

सीतापुर पशु विभाग द्वारा भी रेडियम पट्टी और टैग लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सीतापुर नगर पंचायत के कर्मचारी व सहयोग फाउंडेशन के सदस्यों के सहयोग से सीतापुर नगर में घूम रहे आवारा मवेशियों में टैग और रेडियम पट्टी लगाने के कार्य किया गया। सीतापुर पशु विभाग के डॉ व कर्मचारी नगर में घूम-घूम कर रोड में घूम रहे लावारिस मवेशियों में रेडियम पट्टी और टैग लगाया गया।

डॉक्टर जायसवाल ने बताया कि सीतापुर नगर में आए दिन आवारा मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं हो रहे हैं जिसमें आमजन के साथ-साथ मवेशी भी घायल हो रहे हैं लावारिस मवेशियों में रेडियम पट्टी लगने से दुर्घटनाएं कुछ हद तक कम हो सकती साथ ही टैग लगने से पशु मालिक का पता लगाया जा सकता है। पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजकीय राजमार्ग और प्रमुख मार्गों पर लावारिस पशु और आम आदमी की सुरक्षा को लेकर पशुधन धन विभाग अभियान चलाकर, लावारिस मवेशियों में उनकी टैग और रेडियम पट्टी लगाने कार्य किया जा रहा है इस अभियान में सीतापुर पशु विभाग के डॉ. व कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही नगर पंचायत के कर्मचारी व सीतापुर सहयोग फ ाउंडेशन के सदस्यों ने भी आवारा मवेशियों में रेडियम पट्टी व टैग लगने में सीतापुर पशु विभाग का सहयोग किया।

# पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने सक्ती जिला के पदाधिकारियों की विधानसभावार ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




सक्ती जिले की संगठनात्मक बैठक लेने पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप चुनाव नजदीक आते ही मंत्री एवं संगठन के पदाधिकारी का दौरा प्रारंभ हो गया है सोमवार को पूर्व मंत्री केदार कश्यप सक्ती जिले की भाजपा कार्यालय में पहुंचे वहां पर उन्होंने तीनों विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर विधानसभा, चंदपुर विधानसभा, सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी की अलग-अलग बैठक ली एवं भूपेश सरकार एवं स्थानीय विधायक के खिलाफ धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने की बात कही। एवं कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है तभी हम चुनाव जीत सकते हैं। एवं सभी पदाधिकारी से अलग अलग विषयों पर चर्चा की एवं चुनाव जीतने की रणनीति एवं क्षेत्रीय मुद्दों को सामने लाने हेतु विचार विमर्श किया गया आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक हो इस पर घंटों चर्चा कर ठोस रणनीति बनाई जिससे होने वाले विधानसभा में भाजपा को तीनों तीनों सीट जीत कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनानी है। एक दिवसीय जिले के दौरे पर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने सक्ति विधानसभा क्षेत्र में विकास नहीं होने की लेकर स्थानीय विधायक चरणदास महंत को जिम्मेदार ठहराया उन्होंने आगे कहा कि चरणदास महंत इस बार चाहे कुछ भी कर ले सक्ति विधानसभा से उनकी हार सुनिश्चित है क्योंकि सक्ति को जिला तो बना दिया गया है परंतु सक्ती जिले में कोई भी विकास कार्य नहीं हो रहा हैं अटल बिहारी बाजपेई ने छत्तीसगढ़ का सपना देखा था एवं छत्तीसगढ़ राज्य बनाया उसको सजाया संवारा छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने आज कांग्रेसी शासन में दूर अंचल में रहने वाले आदिवासी क्षेत्र में किसी प्रकार का विकास नहीं है भारतीय कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार भ्रष्टाचार की सरकार हैं कांग्रेस सरकार द्वारा पंद्रह सौ करोड़ का गोबर घोटाला किया गया है भूपेश बघेल की सरकार ने ईडी के अनुसार 2000 करोड़ का शराब घोटाला किया है साथ ही भूपेश बघेल कि कांग्रेस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास जो कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है उनके द्वारा इस योजना को सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा जिससे गरीबों का आवास नहीं बन पाया उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में बहुत अच्छा काम कर रही है। मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला प्रभारी गुरुपाल भल्लाए भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा, विधानसभा प्रभारी विकास केडिया, विवेक रंजन सिन्हा, प्रशांत शुक्ला एवं तीनों विधानसभा के पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उप पुलिस महानिरीक्षक दौरे पर पहुंचे सक्ती-राम गोपाल गर्ग

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



जिले के दौरे पर पहुंचे उप पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने रेस्ट हाऊस में पत्रकारों से खास बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनके लिए क्षेत्र अभी नया है। वह अभी क्षेत्र का निरीक्षण कर यहां होने वाले अपराधों के बारे में जानने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता साइबर क्राइम रोकने की होगी। साथ ही क्षेत्र में बढ़ते क्राइम के ग्राफ को कम करने पर वे विशेष ध्यान देंगे। राम गोपाल गर्ग ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कलेक्टर और एसपी के साथ आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा क कौन है आईपीएस राम गोपाल गर्ग आईपीएस राम गोपाल गर्ग छत्तीसगढ़ कैडर के 2007 बैच के आईपीएस ऑफिसर है। वह पंजाब के भटिंडा के रहने वाले हैं। उनके पिता की छोटी सी कपड़े की दुकान थी। वे दो भाई व दो बहन है। दसवीं तक की पढ़ाई उन्होंने एक प्राइवेट स्कूल से पंजाबी मीडियम में की। फि र 11वीं व 12वीं फि जिक्स, केमेस्ट्री, गणित विषयों के साथ शासकीय इंटर कॉलेज से की। रामगोपाल गर्ग को कॉमर्स विषय में रुचि थी। लेकिन उनके पिता चाहते थे कि उनका एक पुत्र इंजीनियर बने। इसलिए रामगोपाल गर्ग ने गणित विषय चुना। पंजाब में इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए होने वाली पंजाब कॉमन एंट्रेंस टेस्ट में रामगोपाल गर्ग ने 38वा रैंक हासिल किया था। उन्होंने थापर इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग की। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के चलते उनके पिता ने उन्हें पढ़ाने के लिए लोन भी लिया था। हालांकि प्रतिभावान रामगोपाल गर्ग को अच्छे मार्क्स लाने पर स्कॉलरशिप मिल गई। स्कॉलरशिप से कॉलेज की फीस तो चुका दी जाती थी, लेकिन अन्य खर्चों के लिए लोन की राशि काम आई। इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने के दौरान ही रामगोपाल गर्ग का सलेक्शन मोटरोला कंपनी में हो गया। अपने पैरों पर खड़ा होने व पिता का लोन चुकाने के लिए उन्होंने बेंगलुरु में जाकर मोटोरोला कंपनी में ज्वाइन कर लिया और 2 सालों तक वहां जॉब किया। इस दौरान उन्होंने पिता का लोन चुका दिया। फि र वापस पंजाब के भटिंडा में घर लौट कर अपनी यूपीएससी की तैयारी शुरू की। यूपीएससी मेंस में उनका एक सब्जेक्ट मैथ्स तो वही दूसरा सब्जेक्ट पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन था। शुरुआत की दो असफलताओं के बाद तीसरे प्रयास में उन्हें 152वा रैंक प्राप्त हुआ और वे आईपीएस के लिए चुने गए। जिसके बाद उन्हें छत्तीसगढ कैडर अलॉट हुआ। आईपीएस रामगोपाल गर्ग ने मास्टर डिग्री ऑफ पुलिसमैन की डिग्री उस्मानिया यूनिवर्सिटी हैदराबाद से की। पीजी साइबर लॉ की डिग्री उन्होंने पुणे यूनिवर्सिटी से ऑनलाइन प्राप्त की। आईपीएस राम गोपाल गर्ग 2008 में राजनांदगांव जिले में प्रशिक्षु आईपीएस थे।

गरियाबंद में 2011 में नक्सली हमले में अन्य जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद उन्हें गरियाबंद जिले का एसपी बनाकर भेजा गया। यह उनका पहला जिला था। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि हमले में शहीद जवानों के अलावा एक जवान मिसिंग था जिसे खोजना। वह जवान सकुशल बरामद कर लिया गया। यहां रामगोपाल गर्ग ने 23 माह बिताए। अपने पोस्टिंग के दौरान रामगोपाल गर्ग ने जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में 6 नए थाने खोलें। व नक्सल गतिविधियों में अंकुश लगाया। गरियाबंद के बाद कोरिया जिले में 6 माह एसपी रहे। फिर बालोद जिले में 3 माह एसपी रहे। बालोद के बाद एक साल तक पीएचक्यू में एसआईबी के एसपी रहे। राम गोपाल गर्ग एक साल तक राज्यपाल बलरामजी दास टंडन की परिसहाय भी रहे।

2015 में आईपीएस गर्ग केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई में एसपी के पद पर चले गए। इस दौरान वह दिल्ली व चंडीगढ़ में पदस्थ रहे। उन्होंने कई आर्थिक अपराध व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर सीबीआई को सौंपे गये केसों की जांच की। सीबीआई में रहने के दौरान उन्होंने डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम के मामले की जांच कर उसकी कुंडली निकालए ऐसी तगडी चालान बनाई कि सबूतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर पंचकूला की सीबीआई की विशेष अदालत ने गुरमीत राम रहीम को दोषी करार दिया। प्रतिनियुक्ति से छत्तीसगढ़ कैडर लौटने के बाद आईपीएस राम गोपाल गर्ग अंबिकापुर रेंज के आईजी बनाए गए। हाल ही में उन्हें नवगठित रायगगढ़ रेंज का प्रभार सौंपा गया है। साथ में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, एसपी आहिरे, एडिशनल एसपी गायत्री सिह भी साथ में उपस्थित थे।

# साईं सामर्थजन सेवा संस्थान छ.ग.की दूसरी बैठक संपन्न

*कार्य की गतिविधि पर की गई चर्चा एवं आगे की योजना तैयारियां शुरू करने के लिए किया बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान के आगे की कार्य योजना के बारे में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में जनसेवा से संबंधित कार्यों को करने हेतु रणनीति तैयार की गई।यह बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना अपना वक्तव्य रखकर संस्थान के विकास हेतु सहयोग प्रदान की और साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष पंकज गुप्ता के साथ बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है जन सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है जिसे हम निष्ठा पूर्वक और इमानदारी से निभायेंगे और संस्था को हर मजबूर, जरूरतमंद और समाज के उत्थान के लिए क्षेत्र के आखरी घर तक, आखिरी व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी हर संभव मदद करेंगे। और जितने भी गरीब लाचार असहाय होंगे उन लोगों को हमारे संस्थान के द्वारा हर तरह से सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### साईं समर्थ जन सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के सदस्यों के द्वारा गरीब परिवार को की गई आर्थिक मदद

साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष चन्द्र दीप यादव एवं कोषाध्यक्ष सुनील कुमार चेरवा के द्वारा बैठक में एक गरीब परिवार की सहायता के बारे में बात रखी गई थी की सामरी, गोपातू के राजकुमार गुप्ता का छोटा भाई शिव गुप्ता का पुत्र अभिषेक गुप्ता का बाइक से रोड एक्सीडेंट में सर में काफी गहरा चोट लगने के कारण कोमा में चला गया है जो नव दिनों से अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती है जिसका अभी तक होश नहीं आया है अगर हमारे संस्था की ओर से उसे कुछ सहायता किया जा सकता है तो बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने मिल कर उस परिवार को मदद पहुंचाने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने निर्णय लिया और तत्काल पीड़ित परिवार को 5000/- रुपए कि सहायता राशि फोन पे के माध्यम से सहयोग के रूप में प्रदान किया गया। जिससे उसकी कुछ मदद हो सके।

### साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने अपने उद्देश्यों को बताया

साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ने बताया कि हमारा उद्देश्य गांव-गांव में जाकर शिक्षा स्वास्थ्य विधि कानून संबंधी शिविर लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दिलाना है तथा शासन की योजनाओं से वंचित लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु उनकी सहायता करना है हर गरीब मजदूर लाचार अनाथ बेसहारा लोगों की मदद करना हमारा मुख्य उद्देश्य है ऐसे कितने ग्राम पंचायत हैं जहां के ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है योजनाओं के बारे में बतला कर उन्हें लाभ दिलाने का प्रयास करना है। आज के दौर में समाज में फैल रहे अराजकता और अज्ञानता को दूर करने का प्रयास करना है गरीब लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य और कानून के बारे में शिविर लगाकर उनकी जानकारी देना उनका मुख्य उद्देश्य है। जिससे समाज में व्याप्त अराजकता व अज्ञानता को रोका जा सके। और साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ सदस्यों के द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि बलरामपुर जिले से लेकर पूरे प्रदेश छत्तीसगढ़ में भी यह संस्था को बढ़ाने के लिए हर जिले में गठन करना है ताकि हमारे संस्था को आगे बढ़ाया जा सके।

### बैठक में उपस्थित रहे

साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के सदस्य पंकज गुप्ता अध्यक्ष चंद्रदीप यादव उपाध्यक्ष, अजीत जयसवाल प्रवक्ता, सुनील कुमार चेरवा कोषाध्यक्ष, उमेश सिंह क्षेत्र रक्षक, संदीप यादव,क्षेत्र रक्षक, विजय सिंह मीडिया प्रभारी एवं जसवंत यादव बैठक में उपस्थित रहे।

# स्व. राजकमल नायक के दशकर्म में शामिल हुए सुनील रामदास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कोड़ातराई के पास स्थित ग्राम लोहरसिंग निवासी रहे, स्व.राजकमल नायक के दशकर्म में भाजपा के पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक रजंन सिन्हा, गुरूपाल सिंह भल्ला, भाजपा नेता व समाजसेवी सुनील रामदास, जिला पंचायत सदस्य गोपीका गुप्ता, कोड़ातराई के मंडल अध्यक्ष डोलनारायण नायक, महामंत्री दीपक गुप्ता, राधेश्याम भोय, उजागर चौहान, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष खेमराज नायक, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नरेश साव, मंत्री अमरदीप सिंह जटाल, ओमकार गुप्ता, दिनेश बेहरा, मंडल मंत्री सुरेन्द्र जेना सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला भाजपा सहित मंडल भाजपा के नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं भाजपा नेता सुनील रामदास ने स्व. राजकमल नायक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. नायक भाजपा के आधार स्तम्भ थे। उन्होंने अपना जीवन क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में लगाया है। देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश को निरंतरता से आर्थिक, सांस्कृतिक व सामाजिक विषयों पर आगे ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उसके नींव में स्व. राजकमल नायक जैसे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का समर्पण लगा हुआ है और जिस महान आत्मा ने देश के विकास में अपना जीवन समर्पित कर दिया हो, वैसे आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हमारे पास शब्द कम हैं। बस उन्हें मैं भाव से भरा हुआ श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें मोक्ष प्रदान करें।



# पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ तथा त्रुटिरहित ढंग से करें निर्वाचन कार्यों का संपादन-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ तथा त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तैयारियों के संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में जिले के सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा नोडल एवं सेक्टर अधिकारियों सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने विधानसभा आम निर्वाचन से जुड़े विभिन्न तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सभी निर्वाचन संबंधी कार्य पूरी ईमानदारी से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, सर्व एसडीएम सहित सभी नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचनकार्य से जुड़े विभिन्न बारिकियों पर प्रकाश डालते हुए इसके संबंध में अधिकारियों को आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु मानवीय संसाधनों, मतदान सामग्रियों एवं मशीनों के प्रबंध के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जिले में



विधानसभा आम निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, नोडल एवं सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति कर ली गई है। कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी विभिन्न दायित्वों को निर्वहन करने हेतु नियुक्त किए गए सभी नोडल अधिकारियों को अपने सहायक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की शीघ्र नियुक्ति करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर एवं प्रभारी अधिकारियों के पास अनिवार्य रूप से निर्वाचन कार्य से जुड़े कैलेण्डर उपलब्ध होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को अपने सहायक अधिकारियों के साथ अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को टीम वर्क के साथ निर्वाचन कार्य का संपादन करने के लिए कहा है। बैठक में कलेक्टर ने रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों के प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन कर रहे सभी अधिकारियों को पूरे निर्वाचन प्रक्रिया का समुचित जानकारी होना चाहिए। निर्वाचन संबंधी कार्यों के अंतर्गत सेक्टर अधिकारियों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों से मतदान केंद्रों के निरीक्षण के संबंध में जानकारी ली तथा सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को रूट प्लान का भी भली-भांति अवलोकन करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने 2 अगस्त से प्रारंभ हो रहे फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय चरण के अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने बूथ लेवल एजेंट के कार्यों की जानकारी के अलावा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, व्यय लेखा, यातायात व्यवस्था, मीडिया मॉनिटरिंग सेल आदि विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से निर्वाचन कार्य के संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने निर्वाचन कार्य से जुड़े अपने अनुभव एवं आवश्यक सुझाव भी साझा किए।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सप्ताहिक समय सीमा की बैठक में चिकित्सा व्यवस्था एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी चिकित्सा अमला को जरूरतमंद पीड़ित मरीजों का समय पर बेहतर उपचार हो सके चिकित्सकों की ड्यूटी चार्ट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोधन न्याय योजना की समीक्षा की तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के गौठानों में गोबर खरीदी, निर्मित जैविक खाद, टाका भराव, विक्रय हुए खाद की गौठानवार जानकारी लेते हुए सभी गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट की विक्रय शत प्रतिशत करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी विभाग की लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी ली एवं समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग अंतर्गत संचालित शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भर्ती प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने कहा। स्कूल भवन एवं आश्रम छात्रावास को रिपेयरिंग करने कहा और एकल शिक्षक तथा शिक्षक विहीन स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री मितान योजना की जानकारी ली तथा लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वार्ड वार शिविर लगाकर जाति, निवास, आय एवं अन्य समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हो एवं जरूरतमंद लोगों को ब्लड समय पर उपलब्ध हो सके इसके लिए सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को ब्लड बैंक सेंटर जाकर ब्लड डोनेट करने निर्देशित किया। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जिनका नहीं बना है स्कूलों से जानकारी लेकर शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग से कुपोषण के स्थिति के जानकारी ली। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में पहाड़ी कोरवा में जागरूकता लाने के लिए अभियान चलाकर कुपोषण चौपाल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने 2 अगस्त को प्रारंभ हो रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सभी अधिकारी कर्मचारी को शत प्रतिशत उपस्थित रहकर सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए पीडीएस दुकान की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक कार्रवाई कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निराश्रित राशन कार्ड के संबंध में की जानकारी ली एवं एवं लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंक से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद स्तर पर सभी बैंकर्स की बैठक लेकर समस्याओं का निराकरण करने निर्देशित किया जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने मत्स्य विभाग, जल संसाधन विभाग एवं संबंधित विभाग को डबरी, तालाब, कुआं आदि की सूची उपलब्ध कराने कहा जिससे जियो टैग के माध्यम से मैप किया जा सके। सप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, डीएफ ओ जितेंद्र उपाध्याय, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, सभी एसडीएम एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 2 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को किया जाएगा। इस संबंध में उक्त तिथि को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण जिले में किए जाएंगे। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक सहभागिता के लिए अपील की है। उन्होंने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को ग्राम सभा आयोजित कर प्रचार प्रसार के लिए जागरूक करने की बात कही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पृथक-पृथक गतिविधियां करने के लिए विभिन्न विभाग प्रमुखों को दायित्वों को निर्वहन किए जाने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके तहत् साइकिल रैली प्रातः 7 बजे रणजीता स्टेडियम से एन.ई.एस. महाविद्यालय तक आयोजित किया जाएगा तथा जशपुर है तैयार, चुनई तिहार के थीम पर रणजीता स्टेडियम जशपुर में मानव श्रृंखला निर्माण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं एन.ई.एस.महा. वि. के प्राचार्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस प्रकार मैराथन जशपुर बस स्टैंड से एन.ई.एस. महाविद्यालय में प्रातः 7 बजे से आयोजित है जिसमें दिव्यांग, थर्ड जेंडर, पीव्हीटीसी, वृद्धजन, महिलाएं, दिव्यांग आईकन को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाएगा इसके लिए समाज कल्याण एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार के लिए सर्व अनु.अधि. राजस्व एवं निर्वाण् रजि.अधि. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी व ई-जिला प्रबंधक जशपुर जिले के ये मतदाताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से विडियो एवं टेक्स्ट के द्वारा चुनाव में भागीदारी संबंधी मैजेस हेतु प्रोत्साहित करेंगे।

# आबकारी विभाग ने 4 माह में किए 327 प्रकरण कायम

1740.96 लीटर मदिरा एवं 47455 किलो ग्राम लाहन किए जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

### कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आबकारी विभाग को अवैध शराब बिक्री, निर्माण और तस्करी पर कड़ाई से रोकथाम लगाने हेतु निर्देशित किया है।





उक्त निर्देश के परिपालन में विभाग के सहायक आयुक्त श्री रामकृष्ण मिश्रा ने जिला अधिकारियों को योजनाबद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए है। इसी कड़ी में 1 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक आबकारी अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत् कुल 327 प्रकरण कायम किये गये, जिसमें 1740.96 लीटर मदिरा एवं लाहन 47455 कि.ग्रा.जप्त की जाकर न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है। 01 स्वीफ्ट कार तथा 01 मोटर सायकल बजाज सी.टी.100 भी जप्त की गई है। जप्त सामग्रियों एवं वाहनों का अनुमानित बाजार मूल्य रूपये 29 लाख 92 हजार 32 रुपये है।

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के पूर्व तैयारी के संबंध में सीमावर्ती उड़ीसा राज्य के जिला झारसुगुड़ा, सम्बलपुर व बरगढ़ के आबकारी अधीक्षकों, उपायुक्त आबकारी, नार्दन डिविजन, सम्बलपुर तथा उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर एवं जिले के सहायक आयुक्त आबकारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं संबंधित आबकारी उप निरीक्षकों के मध्य 19 जुलाई 2023 को वर्चुवल अन्तर्राज्यीय सीमा समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिला के राजस्व, पुलिस, रेल्वे पुलिस, जीएसटी एवं आयकर विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों को लेकर एक व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया गया है, जो आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान कर आवश्यक समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

# जिले में 8 स्टेशन से हो रही वायु गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ अंकुर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में वृहद स्तर पर स्टील, पॉवर, कोल माईन्स प्रकृति के उद्योग स्थापित है। उद्योगों में वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु आवश्यकतानुसार ईएसपी बैग फिल्टर के साथ जल छिड़काव की व्यवस्था एवं जल प्रदूषण रोकथाम के लिए आवश्यकतानुसार ईटीपी की व्यवस्था करायी गयी है। वृहद श्रेणी के उद्योगों में उत्सर्जन मापन हेतु चिमनी में ऑनलाईन ओपेसिटी मीटर एवं गैस एनालाईजर की स्थापना एवं परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन हेतु आवश्यकतानुसार सी.ए.क्यु.एम.एस. स्टेशन की स्थापना करायी गयी है। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने बताया कि जिले में 8 मापन स्टेशनों के जरिए वायु गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़, ओपी जिंदल औद्योगिक पार्क पूंजीपथरा, ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली एवं क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ में वायु गुणवत्ता मापन स्टेशन की स्थापना की गई है। प्रत्येक केन्द्र में परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन किया जा रहा है। साथ ही कोल माईन्स बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-कुंजेमुरा, ग्राम-मिलूपारा, तहसील-तमनार, ग्राम-छाल, तहसील-खरसिया एवं औद्योगिक बाहुल्य क्षेत्र ओपी जिंदल औद्योगिक पार्क पूंजीपथरा 4 नग ऑनलाईन परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसमें परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन कार्य सतत् रूप से किया जा रहा है। जिसकी जानकारी हेतु उक्त चारों स्टेशन का डाटा क्षेत्रीय कार्यालय छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ के मेन गेट में स्थित एलईडी बोर्ड द्वारा सतत् रूप से प्रकाशित की जा रही है। वर्तमान में रायगढ़ जिले की वायु गुणवत्ता मानक अनुरूप है।

### केलो नदी जल गुणवत्ता की हो रही ऑनलाईन निगरानी, मैनुअल जांच भी कर रहे, पानी की क्वालिटी सुधरी

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा केलो नदी के जल की गुणवत्ता की निगरानी सतत् रूप से ऑनलाईन माध्यम से की जा रही है। जिसके तहत् ऑनलाईन माध्यम के लिए 2 नग सीडब्ल्यु.क्यु.एम.एस. की स्थापना नदी के अपस्ट्रीम केलो डेम एवं डाउन स्ट्रीम में इंटेकवेल के पास बड़े अतरमुड़ा में की गई है। साथ ही मैनुअल पद्धति से प्रतिमाह केलो नदी के जल का नमूना संग्रहण कर प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। इसी के साथ ही नदी में मूर्ति विसर्जन पर रोक लगायी गयी है। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष केलो नदी जल गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार है। केलो नदी के जल की गुणवत्ता मानक सीमा के अनुरूप है।

### नियमों के उल्लंघन पर उद्योगों पर सतत कार्यवाही जारी

शासन के नियमानुसार उल्लंघन एवं कमी पाये जाने पर जिले में स्थापित उद्योगों पर लगातार कार्यवाही जारी है। विगत 1 वर्ष में 21 उद्योगों को व्यवस्था सुधार हेतु नोटिस एवं 2 उद्योगों को क्लोजर डायरेक्शन जारी किया गया है। साथ ही उद्योगों द्वारा जांच के दौरान प्रदूषण रोकथाम करने में असफल पाये जाने पर विगत 1 वर्ष में 5 लाख 66 हजार 250 रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।

### अवैध फ्लाई ऐश के शिकायत हेतु 7987033406 हेल्प लाईन नंबर जारी

अवैध फ्लाई ऐश के अवैध निस्तारण एवं समुचित व्यवस्था किए बिना परिवहन शिकायत को जनसामान्य हेतु सुगम बनाने मंडल द्वारा फ्लाईऐश वाट्सअप हेल्पलाईन नंबर 7987033406 जारी किया गया है। जिस पर भेजे गये अवैध डम्पिंग एवं परिवहन की शिकायत प्राप्ति पर मंडल द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाती है। फ्लाई ऐश वाट्सअप हेल्प लाईन नंबर पर शिकायतों पर मंडल द्वारा परिवहनकर्ताओं पर 2 लाख 64 हजार 450 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। इसी तरह अवैध फ्लाई ऐश निस्तारण एवं समुचित व्यवस्था किए बिना परिवहन करते पाये जाने पर लगातार कार्यवाही करते हुए जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनवरी 2023 से वर्तमान दिवस तक जांच के दौरान अवैध एवं अनियंत्रित अपवहन एवं समुचित व्यवस्था किए बिना परिवहन करते पाये जाने पर 1500 रुपये प्रतिटन के अनुसार से लगभग 34 लाख रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।

जोहार छत्तीसगढ़



## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के दर्जनों दावेदारों के मध्य ज्यादा हकदार -अरुण मालाकार

# जनता, कार्यकर्ताओं और बड़े दिग्गज नेताओं को जोड़ने वाले जिले का मजबूत धागा है-अरुण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ जिला बनते ही राजनैतिक गलियारों मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर तमाम तरह की बयानबाजी आये दिन देखने मिल रही है। कोई अपने गुट के नेता को प्रमोट कर रहा है तो कोई अपने चहेतों को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनते देखना चाह रहे है। वैसे तो वर्तमान मे संगठन के पास कई दावेदार और बड़े चेहरे मौजूद हैं। लेकिन, इन सबसे बेफिक्र एक व्यक्ति कभी किसी ग्रामीण के निमंत्रण मे उसके घर जाकर उसके सुख मे सम्मिलित हो रहा है, तो कभी किसी के दशकर्म में जाकर मृतक परिवार को संबल प्रदान कर रहा है। कभी युवाओं के मध्य जाकर जोश का संचार कर रहा है। तो कभी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर अगामी चुनाव की रणनीति तैयार करने मे लगा है। तो यदा कदा कभी आपसी मनमुटाव की खाई को पाटने मे एड़ी छोटी का जोर लगाकर अपने शब्दों के मरहम से घाव भरने मे लगा है उस मस्तमौला को लोग अरुण मालाकार के नाम से जानते हैं।





सारंगढ़ के साथ रायगढ़ मे अरुण मालाकार की छवि एक ऐसे जन नेता और गेम मेकर की है जिसकी दबी जुबान से विपक्षी भी तारीफ करने में नहीं चूकते और हो भी क्यों ना जब छत्तीसगढ़ में 15 साल से सत्ता से दूर रहने के बावजूद अपने रात दिन मेहनत और संगठन क्षमता से नेताओं और कार्यकर्ताओ के बीच सामंजस्य स्थापित करना और जनता को भाजपा के मोह से खींचकर कांग्रेस के प्रति जुड़ाव करना कोई रातो रात नहीं हुआ है। इसके पीछे पब्लिक का विश्वास और प्यार के मायने बहुत हैं।

### आंकड़े बयां करते हैं संघर्ष और सफलता की कहानी

जिस तरह कोई वृक्ष पेड़ लगाते ही फल नहीं देता लेकिन अगर माली अच्छा हो और वो पौधों की अच्छी देखभाल करे तो एक दिन निश्चित फल प्रदान करता है कुछ ऐसा भी कांग्रेस के मालकार के साथ हुआ।

भाजपा के बहाव के बीच अपने लीडर, कार्यकर्ताओं और आम जनता को जोड़कर उनके उत्साह और विश्वास को बनाये रखकर कांग्रेस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाये रखा जिसका परिणाम आज सबके सामने है, और उस पके फल को खाने की चाह सभी रख रहे हैं। विधानसभा मे कांग्रेस की सुनामी जीत, जिला पंचायत चुनाव में जीत, 08 जनपद पंचायत में कांग्रेस का परचम, 02 नगरपालिका मे विजय पताका अरुण मालाकार के संघर्षों का ही परिणाम है। ये सब आंकड़े चीख चीख कर अरुण मालाकार को अन्य नेताओं से अग्रिम पंक्ति मे स्थान देते हैं।

### बीजेपी के गढ़ में दबंगई के साथ लहराया कांग्रेस का ध्वज

आज के जमाने में जहां न्नते पुरी ना हो तो लोग खुदा बदल देते हैं उस दौर मे अगर किसी पार्टी का 15 साल तक सरकार ना रहे तो वहां बड़े से बड़े दिग्गजों का मन डोलने लगता है। आज कांग्रेस जिला मे सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी नजर आ रही है, वहीं एख दौर ऐसा भी आया था जब लोग कांग्रेस छोड़कर बीजेपी मे जॉइन करना चाहते थे। कई गये भी लेकिन अरुण मालाकार उस तूफन में भी अपने संगठन को मजबूत बनाये रखे जिसका भान प्रदेश के वरिष्ठ लीडरों को भी है।

### सारंगढ़ जिले में राजनीति के सबसे बड़े कलाकार

अरुण वर्तमान मे राजनीति के सबसे बड़े कलाकार है। सारंगढ़ विधायक से लेकर नगरपालिका अध्यक्ष तक, 25 जनपद सदस्य, 11 पार्षद कांग्रेस के हैं मंजू मालाकार 02 बार जीत हासिल की हैं। इस बार अरुण मलाकर के सामने तो विपक्षी भी टिक नहीं पायेश जिसका जीता जागता प्रमाण कांग्रेस के 03 बीडीसी का निर्विरोध जनपद सदस्य बनना है। इसमे अरुण मालाकार का क्या रोल है किसी से छिपी नहीं है।

### विरोधियों के सबसे बड़े कांटे

*विरोधी चाहे विपक्षी दल हो या खुद के पार्टी के सभी के रास्ते में सबसे बड़े कांटे या कांग्रेस के ढाल सिर्फअरुण मालाकार हैं। सारंगढ़ में हर चुनाव से पहले ये गुट किसी तरह से इस ढाल को हटाना चाहते हैं लेकिन उसके विपरीत अरुण की छवि और मजबूत होते जाती है, और कुछ लोगों को तो संगठन विरोधी कार्य करने के परिणाम स्वरूप पार्टी से निलंबित भिबकिया जा चुका है फिर भी संगठन जे प्रति अनर्गल बयानबाजी से बाज नही आ रहे हैं। फिलहाल सारंगढ़ की जनता और कार्यकर्तागण आलाकमान के आदेश पर निगाहें गढ़ाये बैठी हैं। कारकर्ताओं को पूर्णत: विश्वास है कि अरुण मलाकार के जिला नेतृत्व में फिर से रायगढ़ की भांति नवीन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मे भी विधानसभा चुनाव मे इतिहास बनाते हुए विजयश्री प्राप्त करेंगे।*

## एक नजर

### अभिलाषा पैकरा होंगी मनेंद्रगढ़ की नई एसडीएम

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग नया रायपुर से जारी आदेश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी रा.मनेन्द्रगढ़ अभिषेक कुमार एमसीबी को नवीन पदस्थापना आयुक्त, नगर पालिका निगम, अम्बिकापुर हेतु भारमुक्त किया गया है। कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा के आदेशानुसार संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैकरा को पूर्व में जारी दायित्वों के साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी रा. मनेन्द्रगढ़ का दायित्व सौंपा गया है।

### जिले के विभिन्न विकासखण्डों में पदस्थ तहसीलदारों का हुआ अस्थाई स्थानांतरण

आदेशानुसार नवीन पदस्थापना के तहत रहेंगे अन्य जिलों में कार्यरत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुरूप तहसीलदारों को उनके वर्तमान पदस्थापित जिले से अस्थाई रूप से स्थानांतरित किया गया है। इन तहसीलदारों में मुकेश देवांगन को बिलासपुर, पंचराम सलामे को दुर्ग, सोमित मेरिया को राजनांदगांव, नरेंद्र कुमार कंवर को बलरामपुर-रामानुजगंज, लकेश्वर प्रसाद को कोरिया, दुर्गेश सिंह तवंर को धमतरी, अराधना प्रधान एवं ममता रात्रे को जांजगीर चांपा में स्थानांतरित कर पदस्थ किया गया है। उक्त तहसीलदार आगामी आदेश पर्यन्त तक अपने नवीन पदस्थापित जिलों कार्यरत् रहेंगे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत पंजीयन की अंतिम तिथि 16 अगस्त

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीयन की तिथि अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 निर्धरित किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि पूर्व में यह तिथि 31 जुलाई 2023 निर्धारित किया गया थाए जिसे अब 16 अगस्त 2023 तक कर दिया गया है। उन्होंने जिले के समस्त अऋणी कृषकों से यह अपील की है कि इस योजना का लाभ उठाएं। साथ उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों से जिले के अधिक से अधिक अऋणी कृषकों को बीमा आवरण से जोड़ने हेतु निर्देशित भी किया है।

### रायगढ़ स्टेडियम बैडमिंटन हाल में प्रशिक्षक चयन हेतु साक्षात्कार अब होगा 4 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय खेल प्राधिकरण (एसआईए)भोपाल म.प्र.द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल हेतु खेलो इण्डिया लघु केन्द्र की स्वीकृति प्रदाय किया गया है। उक्त खेलों इण्डिया लघु केन्द्र बैडमिंटन हेतु प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षक की नियुक्ति हेतु 4 अगस्त 2023 को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक साक्षात्कार आयोजित की जाएगी। पूर्व में इसके लिए साक्षात्कार 1 अगस्त को आयोजित थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया। इच्छुक अभ्यर्थी अब 4 अगस्त 2023 दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बैडमिंटन खेल से संबंधित समस्त उपलब्धि प्रमाण-पत्र सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। आवश्यकतानुसार बैडमिंटन खेल के कौशल परीक्षण, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार की अनय जानकारी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### नव मतदाता युवाओं के साथ चर्चा कर बोले अपना पहला वोट राष्ट्र के नाम पर- लोकेश साहू

जोहार छत्तीसगढ़-जैजैपुर।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा युवा नेता भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सक्ती जिलाध्यक्ष लोकेश साहू ने बताया प्रदेश भाजयुमो के आव्हान पर जिले के तीनों विधानसभा जैजैपुर, सक्ती, चंद्रपुर के प्रतिदिन गांव-गांव में जाकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता नव मतदाता युवक-युवती होते है उनको अपना पहले वोट करने वाले है उनसे चर्चा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 9 साल के कार्य योजनाओं के बारे विस्तृत से जानकारी देकर नवमतदाता जनसंपर्क अभिनंदन पत्र दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष लोकेश साहू जी कहा मैं खुद लगातार प्रतिदिन बूथ स्तर जैसे, बिर्रा, सिलादेही, बसंतपुर, मौहाडीह, सेमरिया, हसौद, मालखरौदा, अमनदुला जैसे विभिन्न गावों मे जाकर युवाओं से चर्चा करता हूं और नव मतदाता अभिनंदन पत्र भरा।



# साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न

पशुपालकों को रोका-छेका करने के लिए करें जागरूक-कलेक्टर लंगेह

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में हुई घोषणाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए गोधन न्याय योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने जन चौपाल, जन शिकायतए पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने गौठान में गोबर खरीदी की समीक्षा करते हुए सभी गौठानों में अधिक से अधिक गोबर खरीदी सुनिश्चित करने को कहा तथा गौमूत्र से बने उत्पादों का शत प्रतिशत विक्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन, रोका-छेका अभियान की समीक्षा ली तथा विभिन्न समाज के भवनों के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य में खरीफ फसल बुआई कार्य के पूर्व खुले में चराई कर रहे पशुओं को रोका-छेका अभियान चलाकर पशुपालकों को मुनादी के जरिए जागरूक करने को कहा तथा समझाइश के बाद भी न मानने पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, बैकुंठपुर एसडीएम अंकिता सोम, सोनहत एसडीएम अनिल सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# सामरी विधानसभा के चांदो क्षेत्र में मितानीन बहनों के साथ ग्राम मड़वा में चर्चा-अंकुश सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

जिला पंचायत अंकुश सिंह के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान सामरी विधानसभा के चांदो क्षेत्र में मितानीन बहनों के साथ ग्राम मड़वा में चर्चा किया गया। बहनों के द्वारा राशनकार्ड के बारे में समय बताया गया। साथ ही साथ पेंशन की समस्या के बारे में भी जिला पंचायत सदस्य को बताया गया। जिसके बारे में तत्काल जिला पंचायत सदस्य द्वारा फूड अधिकारी और जनपद पंचायत के सीइओ को फोन लगा कर सूचित किया गया साथ ही तत्काल निराकरण को कहां गया। साथ ही साथ रास्ते में गांव के लोगों को धान की रोपाई करते देखते हुए जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह अपने आप को रोक नहीं सके और किसानों के बीच जाकर ट्रेक्टर चलाया और धान की रुपाई की। साथ ही सामरी क्षेत्र में अच्छी फसल के लिये ग्रामीणों को बधाई के साथ अच्छी फसल की कामना किए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, अमर दयाल यादव, रमेश भगत, दिलमन मिंज, नन्हेलाल लकड़ा, संतोष यादव, संकेंद्र टोप्पो, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



# सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु घुमन्तु पशुओं में लगाया जा रहा रेडियम बेल्ट

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में घुमन्तु पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु कार्यवाही की गई। इससे पहले जिले के कोरबा व पाली क्षेत्र में राजमार्गों में रेडियम बेल्ट लगाया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. एस.पी. सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार घुमन्तु पशुओं की सुरक्षा हेतु 14 अलग-अलग दल गठित कर पशुओं को सड़कों से हटाकर गौठानों, गौशालाओं तथा अस्थाई शेल्टर में उन्हें ठहराने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही इन्हें रेडियम रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाकर टैग किया जा रहा है जिससे सड़कों पर इनके बैठने या आने से रात में वाहन चालकों को दूर से पशुओं के होने का आभास हो सके तथा दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 774 पशुओं में रेडियम कॉलर एवं रिफ्लेक्टिव बैंड्स लगाए जा चुके हैं तथा 200 से अधिक पशुओं को गौशालाओं, नगरीय निकाय के गौठानों में अस्थाई तौर पर रखा गया है। उपसंचालक ने यह भी बताया कि उनके द्वारा पशुपालकों एवं स्वयं सेवी संगठनों से अपील की गई है, कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में विभाग का सहयोग करें। अपने पशुओं को सड़कों पर ना छोड़े, रेडियम बेल्ट लगाने में सहयोग करें एवे आमजनों से पशुओं को लगाए गए रेडियम बेल्ट एवं स्टीकर को न छेड़ने की अपील भी की गई है।



# कोरबा जिले के 17वें कलेक्टर सौरभ कुमार ने किया पदभार ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज यहां जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर सौरभ कोरबा जिले के 17वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर सौरभ कुमार का स्वागत किया। पदभार ग्रहण के पश्चात कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफ ओ अरविंद पीएम, नवनियुक्त नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम भी उपस्थित थे। कलेक्टर सौरभ कुमार 2009 बैच के आईएएस अधिकारी है। सौरभ कुमार इससे पहले दंतेवाड़ा, रायपुर, बिलासपुर जिले के कलेक्टर रह चुके है। वे चिप्स में सीईओ के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दंतेवाड़ा रहते हुए नवाचार के क्षेत्र में भी कलेक्टर कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी। दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित पालनार गांव को कैशलेस गांव में बदलने के लिए उन्हें प्रधानमंत्री के हाथों पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।




# सर्पदंश को लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी के अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

इन दिनों नागलोग के नाम से प्रसिद्ध क्षेत्र जशपुर जिला के पत्थलगांव में सर्पदंश के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिस पर लगातार अधिकतर मामलों में काबू पाया गया है। और ऐसे में लोगों को जागरूक करने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा मुहिम चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत पत्थलगांव के सभा कक्ष में मंगलवार को सर्पदंश कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे खंड चिकित्सा अधिकारी जेम्स मिंज की अध्यक्षता में जशपुर से आए प्रशिक्षको द्वारा सर्पदंश के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला बाल विकास से परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर तथा स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर सुपरवाइजर सीएचओ बीसी, एमटी, मितानिन एवं ग्राम पंचायत से सामाजिक कार्यकर्ता बैगा, गुनिया सभी इस बैठक में सम्मिलित थे। उक्त कार्यशाला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस,मिशन इंद्रधनुष, वजन त्यौहार एवं यूद्विन पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने गांव से आए बैगा,गुनिया को गांव में किसी व्यक्ति को सर्प के काटे जाने पर तत्काल सिविल अस्पताल में उपचार हेतु भेजे जाने की लिए जागरूक किए जाने की बात कही एवं ग्रामीण इलाकों में लोगों को खुले में ना सोने,खाली पाव ना घूमने,जमीन पर ना सोने जैसे अनेकों विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए इलाकों में अभियान चलाने और लोगों को जानकारी देने की बात कही गई जिससे क्षेत्र में सर्पदंश के मामलों अधिक ना बढ़ सकें। इस बैठक में सर्प विशेषज्ञ केसर हुसैन एवं सहायक, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी शांति उरांव, वन परीक्षेत्र अधिकारी कृपासिंधु पैंकरा,शशिकला कुजुर,ललित यादव,अनुगामी,रेजिना समेत गांव के पंच मौजूद रहे।




## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद के दिशा निर्देश पर जिला एमसीबी के अध्यक्ष आनंद शर्मा वा कोरिया जिला अध्यक्ष सावन कुमार एमहेंद्र शुक्ला, उग्रसेन पाल, अन्य सभी पत्रकार बंधु के उपस्थित एमसीबी जिला कलेक्टर को स्वास्थ्य विभाग के कमियों पर ज्ञापन सौंपा गया लचर व्यवस्था देखने को मिल रही है जहा एक ओर ताजा मामला देखने को मिल रहा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी में है बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेंद्रगढ़ जो की एक मात्र ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र यहां के मरीज बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए आते है मगर उनको बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलता कारण यह है की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न तो चिकित्सक और न ही महिला स्पेसलिस्ट स्टॉप नर्स है सीसी टीवी कैमरा तो लगा हैं पर खराब पड़ा हैं तथा डॉक्टरों द्वारा दवाई को बाहर लेने के लिए बोला जाता हैं कि यहां की दवाई सही नहीं रहती हैं इसका खामियाजा क्षेत्र के मरीजों को भुगतना पड़ता है मनेंद्रगढ़ में आपको ज्ञात होगा की खूनकी कमी और डॉक्टर की उदाशीनता से एक मरीज की मौत हो गई थी जिस पर क्षेत्र के विधायक द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया था लेकिन विडंबना इस बात की है कि वह महज खाना पूर्ति था वर्तमान स्थिति की बात करें तो मनेद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहे मनमानी लाचार व्यवस्था को सुदृंय बनने हेतु सौंपा ज्ञापन।



# 10 अगस्त को मनाया जायेगा कृमि मुक्ति दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 10 अगस्त को जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय विद्यालयों व शासकीय अनुदान प्राप्त प्राप्त शालाओं केन्द्रीय विद्यालयों नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्षीय बालक.बालिकाओं को कृमि नाशक दवा एलबेंडाजॉल 400 मिग्रा का सेवन कराया जाएगा। छूटे हुए बच्चों को मॉपॉप दिवस 17 अगस्त को कृमि नाशक दवा एलबेंडाजॉल का सेवन कराया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने जिले के सभी पालकों से अपने बच्चों को स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से एलबेण्डाजॉल का सेवन अनिवार्य रूप से कराने की अपील की है। जिससे बच्चों में कृमि संक्रमण चक्र को रोका जा सके और समुदाय में कृमि संक्रमण की दर कम हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कृमि संक्रमण के हानिकारक प्रभाव से खून की कमी एनीमिया, कुपोषण, भूख न लगना, मिचलना, उल्टी और दस्त लगना तथा वजन में कमी आना है। एलबेंडाजॉल के सेवन से बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर एनिमिया की रोकथाम,बौद्धिक विकास, औसत आयु में वृद्धि तथा शाला में उपस्थिति में सुधार होती है एवं समुदाय में कृमि संक्रमण की दर में कमी आती है। कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए खाने के पहले एवं शौच के बाद हाथों को साबुन से धोये फल एवं सब्जियां धोकर उपयोग करें, नाखून कटे हुए रखें, बच्चों को नंगे पांव न घूमने दें, साथ ही खुले में शौच न करें।

# मतदाता जागरूकता के लिए 2 अगस्त को निकलेगी सायकिल रैली

## स्कूलों में शिक्षकों की हो नियमित उपस्थिति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर तारन प्रकाश सिंह के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े एवं अपर कलेक्टर राजीव कुमार पांडे ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर जांगड़े ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों समय-सीमा में निराकरण करें। उन्होंने कहा कि निराकृत प्रकरणों का प्रतिवेदन भेजे, जिससे निराकरण सुनिश्चित किया जा सकें। बैठक में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी एसडीएम को स्कूलों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। अनुपस्थित शिक्षकों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इस दौरान उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था किए गए शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि आवारा मवेशी सड़को में सक्रिय हुए। अतः पशुपालन विभाग आवारा मवेशियों के टैगिंग एवं रेडियम नेक बैंड लगाये। इसके साथ ही उन्होंने सड़कों में अपने पशुओं को छोडने वाले पशुपालकों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शेष बचे जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को कार्य योजना बनकर जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के समय-सीमा से बाहर के प्रकरण की समीक्षा करते हुए समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश देते हुए मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि 2 अगस्त को ग्राम स्तर में ग्राम सभा का आयोजन कर मतदाता सूची के भागों का वाचन बूथ लेवल ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा। इसका प्रचार-प्रसार कर जागरूकता बढ़ायी जाए ताकि मतदाता सूची शुद्ध हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से कंजक्टिवाईटिस संक्रमण के संबंध में जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया की इस संक्रमण के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में इसका निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जा रहा है।

### गोधन न्याय योजना की हुई समीक्षा

*अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कृषि विभाग से केकेसी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केसीसी बनाने के कार्य में प्रगति लाए। उन्होंने एसएडीओ के माध्यम से विभागीय एवं बैंक में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया की सभी गोठानों में नियमित गोबर खरीदी के साथ कन्वर्जन रेशियों बेहतर होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने चरवाहा नियुक्त करने के संबंध में भी जानकारी ली।*

### मतदाता जागरूकता के लिए 2 अगस्त को निकलेगी साइकिल रैली

*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु 2 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे से सायकल रैली निकाली जाएगी। यह सायकल रैली में कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, दिव्यांगजन एवं तृतीय लिंग शामिल होंगे। यह सायकल रैली कलेक्टोरेट परिसर से होते हुए रामनिवास टाकीज चौक, सुभाष चौक, गांधी प्रतिमा चौक, स्टेशन चौक, सत्तीगुड़ी चौक, गौरीशंकर मंदिर रोड, गोपी टाकीज होते हुए कमला नेहरू गार्डन में समापन होगा।*

## एक नजर

### ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत एक स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिण्पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफके द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र.61/18, धारा 138 एनआईए एक्ट के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी आदित्य चन्द्राकर उम्र 35 साल निवासी सिटी पोटीयाकला दुर्ग जिला दुर्ग को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को 01 अगस्त 2023 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक मुकेश माहिरे, रवि साहू एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

### जिला न्यायालय बेमेतरा में विभिन्न पदों के लिए 13 अगस्त को होगा भर्ती परीक्षा

* अभ्यर्थी जिला न्यायालय बेमेतरा के अधिकारिक वेबसाईट से कर सकते हैं प्रवेश पत्र डाउनलोड

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बेमेतरा की स्थापना हेतु शीघ्रलेखक अंग्रेजी, शीघ्रलेखक हिन्दी, सहायक ग्रेड-3, निष्पादन लिपिक, सेल अमीन आदेशिका लेखक, जूनियर नायब नाजिर साक्ष्य लेखक, सहायक सांख्यिकीय लिपिक, प्रतिलिपिकार, के पद की सीधी भर्ती के संबंध में पात्र, प्राविधिक पात्र,अपात्र अभ्यर्थियों को19 जुलाई 2023 से 28 जुलाई 2023 तक कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक दावा आपत्ति प्रस्तुत करने समय प्रदान किया गया था। उक्त तिथि में प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण किया गया है। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् उक्त पदों की प्रथम चरण की लिखित परीक्षा सामान्य ज्ञान सामान्य अध्ययन, 13 अगस्त 2023 को प्रातः 11 से 12 बजे को आयोजित की गई हैं। तत्संबंध में दावा आपत्ति निराकरण विवरण एवं पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र जिला न्यायालय बेमेतरा के अधिकारिक वेबसाईट में अपलोड की गई है।

### नवपदस्थ आईजी डॉ. आनंद छाबड़ा ने किया पदभार ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ शासन, गृह पुलिस विभाग नवा रायपुर द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में आज बिलासपुर रेंज में नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक डॉ. आनंद छाबड़ा द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। डॉ. आनंद छाबड़ा भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2001 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हैं। इन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवायें दी हैं। जिनमें राज्य के इंटेलीजेंस चीफ सहित रायपुर रेंज और दुर्ग रेंज में पुलिस महानिरीक्षक के रूप में अपनी सेवायें दी हैं। इन्होंने पूर्व में बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिला रायगढ़ और जिला जांजगीर-चाम्पा में भी पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवायें दी हैं। नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. आनंद छाबड़ा के पदभार ग्रहण दौरान पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर शहर राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा और पु.म.नि.कार्या.रेंज बिलासपुर उप पुलिस अधीक्षक सुशीला टेकाम, उप पुलिस अधीक्षक जेरोल लकड़ा तथा रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र गुप्ता, निरी. थाना प्रभारी सिविल लाईन परिवेश तिवारी सहित पु.म.नि.कार्यालय बिलासपुर रेंज में कर्तव्यरत अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नवागढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा कीं जीत दिलाने कार्य कर रहे डॉ.जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़-नवागढ़।



विधानसभा के प्रबल दावेदारी कर रहे भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे इन दिनों अपने आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर काफी क्षेत्र में सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने इस समय लगातार एक के बाद एक क्षेत्र में युथ से लेकर बूथ स्तर तक जनसंपर्क कर रहे हैं जनता के बीच हर छोटी-बड़ी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान में भी लगे हुए हैं। ताकि आने वाले समय में इस बार नवागढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में जीत दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने केंद्र सरकार कि हर जन कल्याणकारी योजनाओं को भी गांव गांव से लेकर हर गरीब तबके के लोगों को भी इसक सीधा लाभ पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने इसी बीच जनसंपर्क के दौरान नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया।

### क्षेत्र के लोगों मे दिखा काफी उत्सुकता

इस समय क्षेत्र की जनताओं मे भी काफी उत्सुकता से भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे को भावी विधायक के रुप में भी देख रहे हैं। तथा ग्रामीण स्तर में भी डॉक्टर जगजीवन खरे को देखकर महिलाएं एवं युवाओं व बुजुर्ग बच्चों में भी खुशी की लहर दौड़ रही है। ग्रामीणों से जनसंपर्क के दौरान पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अगर डॉक्टर जगजीवन खरे को भाजपा पार्टी प्रत्याशी बनाती है तो उसका जीत निश्चित तौर पर होगा और इसका सीधा असर नवागढ़ विधानसभा में बहुत बड़ा बदलाव भी होगा क्षेत्र में विकास का रास्ता भी खुल जाएगा विधानसभा में ऐसी बहुत से गांव है जहां कई असुविधाएं देखने को मिलेगा जहां आवागमन के लिए कच्ची सड़क पक्की रोड का रिपेयरिंग ना पेयजल की व्यवस्था सीसी रोड नाली निर्माण का ना होना ऐसी कई विभिन्न समस्याओं को ग्रामीणों ने बताया और उन्होंने ये भी कहा कि अभी वर्तमान में गांव के हर छोटी.छोटी समस्याओं को निराकरण करने मैं लगे रहते हैं जिससे क्षेत्र की जनता काफी खुश है।

# एसपी विजय अग्रवाल ने मोबाइल धारकों को किया मोबाइल वितरित

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चाम्पा।



जिला पुलिस ने राज्य एवं दीगर राज्यों से लगभग 23 लाख रुपये कीमती 162 नग गुम मोबाइल किया बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भापुसेद्ध द्वारा पुलिस लाईन जांजगीर में मोबाइल धारकों को मोबाइल वितरित किया गया। मोबाइल पाकर आम नागरिकों के चेहरे में मुस्कुराहट देखने को मिली। इन मोबाइल धारकों द्वारा अपनी एंड्रॉइड फोन के गुम होने की सूचना थानों में दिया गया था, जिसका पता तलाश व खोजबीन साइबर सेल जांजगीर द्वारा किया जा रहा था। सीईआईआर पोर्टल जो गुम मोबाईल की जानकारी हेतु भारत सरकार द्वारा लॉच किया गया है, के माध्यम से कुल 13 मोबाईल बरामद कर मोबाईल स्वामी को सुपुर्द किया गया। इस अभियान के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के अलावा बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, रायपुर, दुर्ग, सक्ती एवं अन्य स्थानों से गुम मोबाइलों को बरामद किया गया। मोबाइल धारकों को अपने मोबाइल फोन मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी लेकिन पुलिस द्वारा सायबर सेल की तकनीकी सहायता से बरामद कर मोबाइल धारक को वापस किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपील की है कि अपने मोबाइल को सम्भाल कर रखें, यदि गुम या चोरी होती है तो तत्काल दस्तावेज के साथ थाना जाकर सूचना देवें। ज्यादातर मोबाइल हाट बाजार, मेला, मंड़ई में गुम होते है, ऐसे जगहों पर अपने मोबाइल का उपयोग ध्यान से करने हेतु सुझाव दिया गया। यदि किसी व्यक्ति को रास्ते मे कोई मोबाइल गिरा हुआ मिले तो उसे तत्काल नजदीकी थाने में जमा करने और अच्छे नागरिक होने का परिचय देने हेतु सुझाव दिया गया। कोई दुकानदार बिना बिल दिये जिसमे ईएमईआई ना लिखा हो उसे कतई ना खरीदें, हो सकता है वो मोबाइल चोरी का हो या किसी अन्य घटना में उपयोग किया गया हो, इस बात का भी सुझाव दिया गया। इसी तारतम्य में उपस्थित लोगो को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सायबर क्राईम एवं सायबर फ्राड से संबंधित जानकारी देते हुये इससे बचाव का उपाय बताया गया तथा अभिवक्ति एप डाउनलोड करा कर उसकी उपयागिता के बारे एवं महिला सुरक्षा संबंधित जानकारी दिया गया। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल जांजगीर चाम्पा के अधिकारी-कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोई भी कार्यक्रम सहयोग से सफल होता- अपर कलेक्टर पाण्डेय

** मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं प्रचार-प्रसार में सहयोग हेतु उद्योगों प्रतिनिधियों की ली बैठक* उद्योगों के लंबित परियोजना की ली जानकारी*

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि गत निर्वाचन की समीक्षा के दौरान देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अपेक्षा औद्योगिक क्षेत्रों में कम मतदान प्रतिशत दर्ज की गई है। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने उन क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारी को वोटिंग हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित करने में सहयोग प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि बिना सहयोग से कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं होता। अतः निर्वाचन में जिले की वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। बैठक में अपर कलेक्टर पाण्डेय ने सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्रों में हुए वोटिंग प्रतिशत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने मतदाताओं को जागरूक करना होगा। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिन्हें वे अपने गैर राजनीतिक कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम की गतिविधियों को सम्मिलित कर मतदाताओं को जागरूक व प्रोत्साहित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में बीएलओ है, जिनके माध्यम से नाम जुड़वाना, सुधार एवं विलोपन का कार्य किया जा सकता हैं। 2 अगस्त से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ हो रहा है, जहां मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में है कि नहीं सुनिश्चित कर सकता हैं। उन्होंने उद्योगों को कार्यरत कर्मचारियो का लिस्ट बनाकर मतदाताओं को चिन्हांकित करने के साथ स्थानांतरित अथवा कार्य छोड़ चुके कर्मचारियों के नाम विलोपन में बीएलओ का सहयोग करने के निर्देश दिए। जिसे मतदाता सूची शुद्ध व त्रुटिरहित हो सके।

बैठक में अपर कलेक्टर पाण्डेय ने उद्योगों के लंबित परियोजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने उद्योगों से परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी लिए। बैठक में मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शिव कुमार राठौर, सहायक श्रमायुक्त विकास सरोदे, जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम, खनिज निरीक्षक आशीष गढ़पाले एवं उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने ली पत्रकारवार्ता स्वीप गतिविधियों की दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




कलेक्टर पीएस एल्मा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पत्रकारवार्ता में कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन.2023 के पूर्व जिले में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। कल बुधवार 2 अगस्त से नये मतदाता जोड़ने का काम शुरू होगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अगस्त को राज्य में मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन करने के साथ-साथ 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि के सम्बन्ध में दावा.आपत्ति प्राप्त की जाएगी। इसी दिन जिले में विशेष ग्राम सभा में मतदाता सूची का वाचन भी किया जाएगा। विधानसभा एवं जिला स्तर पर भी मतदाता जागरूकता विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन में मतदाता सूची को शुद्ध बनाने जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के दिन से 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूपों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 30 दिनों की इस अवधि के दौरान चार दिनए 12-13 अगस्त शनिवार, रविवार और 19-20 अगस्त शनिवार, रविवार को बूथ स्तर पर विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म.6 के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। मतदाता परिचय पत्र में कोई त्रुटि, नाम विलोपित के लिए या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए फॉर्म.7 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। सभी दावा.आपत्तियों का निराकरण कर 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील किए है कि अपनी मतदान केन्द्रों में सूची का अवलोकन करें और कहीं परिचय पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि है तो वो निर्धारित प्रारुप में फार्म भरकर जमा करें। पूर्व से पंजीकृत मतदाता के विवरण में किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म.8 भरा जाएगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर सर्विस पोर्टल भी उपलब्ध हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने के लिए बीएलओ एप का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए पत्रकारों से भी प्रचार.प्रसार में सहयोग का आग्रह किया। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा में 80 उम्र से अधिक मतदाताओं के लिए सुविधाजनक पहल शुरू की गई है।

# जिला शिक्षा अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी हुए निलंबित

## पदस्थापना में पैसे लेकर शिक्षा विभाग को दिए भ्रष्टाचार का रुप

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

स्कूल शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में 1 अगस्त शिक्षा विभाग के लिए बुरे सपने जैसा दिन रहा क्योंकि बलौदाबाजार भाटापारा जिले में जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव तथा सिमगा विकास खंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम आर पी वर्मा अवर सचिव निलंबन का आदेश थमाया। पूरे मामले का विवरण इस प्रकार से है कि सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला और शिक्षक तथा शिक्षक से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति पश्चात पदस्थापना ओपन काउंसलिंग के माध्यम से किए जाने हेतु स्कूल शिक्षा विभाग में दिनांक 7 नंवबर 2022 एवं 29 मार्च 2023 द्वारा प्रदेश के समस्त संयुक्त संचालन जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर द्वारा सहायक शिक्षकों की पदोन्नति उपरांत स्थापना हेतु काउंसलिंग करते हुए पदस्थापना जारी किए गए थे उक्त काउंसलिंग के पश्चात भी पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश में संशोधित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई शिकायत की संभावित रायपुर से प्रारंभिक जांच में पाया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश 6 जनवरी 22 द्वारा शिक्षक के पद पर पदोन्नति के निर्देश दिए गए थे प्रकरण में सहायक शिक्षक एलबी से शिक्षक पद पर पदोन्नति हेतु सदस्य विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया गया था। रायपुर संभाग अंतर्गत विभिन्न पदों के कुल 3335 पद रिक्त रहा है जिसमें शिक्षक एलबी से शिक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु 1319 पदों की डीपीसी हेतु 31 मार्च 23 को बैठक आहूत किया गया था कुछ लोगों का माननीय न्यायालय प्रकरण विचाराधीन होने के कारण 31 मार्च 23 को विषय हिंदी, संस्कृत उर्दू में पदोन्नति आदेश जारी नहीं किए गए शेष विषय में ई संवर्ग .टी संवर्ग के 949 लोगों का पदोन्नति आदेश जारी किया गए। प्रकरण में ऐसे सहायक शिक्षक जो प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नत होकर कार्यभार ग्रहण कर चुके थे 19 अप्रैल 23 को रिब्यू डीपीसी आहूत किया गया जिसमें वही सदस्य सम्मिलित रहे जो मूल डीपीसी में सम्मिलित हुए हैं परंतु 31 मार्च 23 को डीपीसी उपरांत पदोन्नति किए गए शिक्षकों को आदेश के संबंध में कोई आदेश निर्देश जारी नहीं किया गया। रिव्यू डीपीसी दिनांक 19 मार्च 23 के परिपेक्ष में 15 मई 23 द्वारा सहायक शिक्षक को शिक्षक के पद पर संवर्ग के विषयवार कुल 1283 पदोन्नत आदेश जारी किए गए। पदोन्नत शिक्षकों का शासन निर्देश अनुसार 17 मई 23 से 21 मई 23 तारीख तक विषय वार ओपन काउंसलिंग किया गया। 25 मई 23 को पदोन्नति आदेश जारी किए गए। ओपन काउंसलिंग पश्चात पदस्थ अपना में संशोधन हेतु 778 अभ्यावेदन प्राप्त हुए सभी अभ्यावेदन में निर्णय लिए जाने हेतु बिना शासन आदेश निर्देश की छानबीन समिति का गठन किया गया। जिनमें सीएस ध्रुव शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार.-भाटापारा, एसके गेंदले विकास खंड शिक्षा अधिकारी, संजय पुरी गोस्वामी शिक्षा खंड शिक्षा अधिकारी धरसींवा, डीएस ध्रुव सहायक संचालक रायपुर, आरके वर्मा प्राचार्य डाइट और उनके द्वारा 565 शिक्षकों का संशोधन की अनुशंसा की गई जिसमें 543 शिक्षकों के विरुद्ध पदस्थापना आदेश में विधि विरुद्ध संशोधन किया जाना पाया गया। उक्त सभी संबंध में कुल 1283 सहायक शिक्षकों के पद से पदोन्नति उपरांत 543 शिक्षकों के पदस्थापन स्थान में संशोधित कर शासन निर्देश के विपरीत अनियमितता की गई जिसमें मुख्य रुप से तत्कालीन संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर के साथ-साथ विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्य एवं विधि विरुद्ध छानबीन समिति के सभी सदस्यों द्वारा अवैधानिक रूप से पैसे की लेनदेन कर भारी भ्रष्टाचार के जाने की पुष्टि हुई जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम.3 के विपरीत गंभीर कदाचार है। जिस पर राज्य सरकार सिविल सेवा 1966 के नियम 9 (1) के तहत के के कुमार संयुक्त संचालक रायपुर एसी एस ध्रुव जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा, आर के वर्मा प्राचार्य डाइट रायपुर, डीएस ध्रुव, सहायक संचालक शैल सिन्हा, उषा किरण खलखो, संजय पुरी गोस्वामी धरसींवा एसके गेंदले को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

# भाजपा के आदिवासी नेताओं का जनसंपर्क अभियान, विधायक की विफलता व मोदी की उपलब्धि बताना उद्देश्य

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।





भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर सफलता पूर्वक पहुंचाने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी विधानसभा धरमजयगढ़ के सभी वरिष्ठ आदिवासी नेता एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए संपर्क से समर्थन जुटाने घर–घर पहुंच रहे हैं। इसी परिपेक्ष में तारासिंह राठिया, हरिश्चंद्र राठिया राधेश्याम राठिया, संतोष राठिया, रामनाथ बैगा, लीनव राठिया, रजनी राठिया, समयलाल माझी के साथ अनेक आदिवासी नेता आज छाल मंडल में एकजुट हुए। जहां मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में हाटी के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना एवं आशीर्वाद प्राप्त कर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। संपर्क का मुख्य उद्देश्य आमजन से संपर्क कर विधायक लालजीत सिंह राठिया के विफलताओं को बताना है। वहीं पीएम मोदी के 9 वर्षों की उपलब्धि को भी बताना है। यह जनसंपर्क छाल मण्डल में 3 अगस्त तक चलेगी। बता दें कि पिछले दिनों धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा आदिवासी नेता लालजीत राठिया विधायक को ले कर अपना आक्रामक रुख बना लिया है। प्रेस वार्ता कर आरोपो की झड़ी लगा दी। उसके बाद विधायक निवास घेराव कर आपने मनसूबे साफ कर दिए। अब विधायक के खिलाफ गांव–गांव जाकर जागरूकता फैलाना परिवार वाद को खत्म करने की अपील भी जोर–शोर से कर रहे है।

## एक नजर

### पौधारोपण महाअभियान से किया गया मतदाता जागरूकता

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।






जिले भर में मतदाता जागरूकता और पौधारोपण महाअभियान के तहत जिले के अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीण और शहरी मतदाताओं द्वारा आव एकठन पौधा लगाबो, भुइयां के कर्ज चुकाबो और एक पेड़ एक वोट, नारा का अमल में लाया गया। जिले के सरकारी संस्थाओं नगरपालिका, नगर पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई केंद्र, कार्यालयों और ग्राम पंचायतों में पौधारोपण किया गया। ग्रामीण महिला पुरुषों ने भी इस अभियान में सहयोग किए। वन विभाग की ओर से पौधा तुहंर द्वार योजना के तहत आम नागरिकों को पौधे प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा खेतों में जाकर खेती बारी कर रहे महिलाओं और पुरुषों को नारा खेती बारी अऊ वोट के चारी सामूहिक रूप से उद्घोष करके मतदाता जागरूकता किया गया। जिले में पौधारोपण महाअभियान से मतदाता जागरूकता किया गया।

# फ्रेंड्स क्लब के सदस्यों की अहम बैठक, सामाजिक कार्य प्रमुख उद्देश्य



जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

एक दशक पहले कुछ सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर फ्रेंड्स क्लब बनाई थी। लेकिन किसी कारण वश कुछ वर्षों से यह फ्रेंड्स क्लब निष्क्रिय हो गया था। जिसे फिर पुनः नई ऊर्जा के साथ सक्रिय करने सदस्यों की अहम बैठक संपन्न हुई। सरिया नदी के तट पर आयोजित बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी अपनी विचार व्यक्त की। जिसका सार बात क्षेत्र में सामाजिक एवं जनसेवा का कार्य करना क्लब का प्रमुख उद्देश्य रहेगा। वहीं क्लब में नए सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। आगामी बैठक 10 अगस्त को दोपहर 3 बजे रखी गई है। बैठक के अंत में क्लब के सदस्य धनेश्वर भट्ट को सभी ने जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर** । दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बलराम साहहू 49 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीक्यू 5597 को पूजारी चेम्बर रिलायंस मार्ट के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले म्रे प्रार्थी संजय कुमार 40 वर्ष ने गुढियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएफ8716 को घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 75 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# नवविवाहिता को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर अत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले सास, ससुर सहित पति गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

पुलिस चौकी देवकर, थाना साजा के अपराध सदर धारा 306,34 भादवि में आरोपीगण,जनार्दन साहू पिता रामसाय उम्र 22 साल,रामसाय साहू पिता पूना राम साहू उम्र 53 साल,त्रिवेणी साहू पति रामसाय उम्र 50 साल सभी निवासी खिसोरा पुलिस चौकी देवकर, थाना साजा के द्वारा अपने नवविवाहिता बहू की शादी 4 माह पूर्व हुआ था लड़की की मायका जिला बालोद थाना गुंडरदेही क्षेत्रांतर्गत ग्राम में स्थित है शादी के बाद से नवविवाहिता को उसका पति, सास, ससुर लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे जिससे परेशान होकर 16 जुलाई 2023 को अपने ससुराल ग्राम खिसोरा में फांसी लगाकर मृत्यु हुई। जिसका पीएम साजा अस्पताल में कराया गया। मर्ग जांच पर उक्त अपराध धारा का घटित करना पाये जाने पर उक्त तीनों आरोपियों को 31 जुलाई 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक तुलसी राम कोसिमा, आरक्षक संतोष धीवर, दीपक सिंह, महिला आरक्षक प्रीति यादव एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।



# क्षेत्र की जनता को चुनई-चिरई कार्यक्रम का आमंत्रण

मतदाता जागरूकता रैली धरमजयगढ़ में आज

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।






आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग युद्ध स्तर पर तैयारी में जुट गई है। जिसके अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को जोड़ने एवं जागरूक करने भी अनेक तरह का आयोजन किया जा रहा है। धरमजयगढ़ अनुभाग में भी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत 2 अगस्त को दोपहर 2 बजे से वॉकथोन कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, थर्ड जेंडर, समाजसेवी संस्थाये व शासकीय कर्मचारी सहित सभी आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का आरंभ तहसील कार्यालय से होगा जो हॉस्पिटल चौक, राजीव गांधी तिराहा, बस स्टैंड, गांधी चौक, सांई मंदिर और पावर हाउस चौक होते हुए स्थानीय क्लब मैदान पहुंचेगी। जहां कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों तथा हर 18 वर्षीय युवाओं को मतदाता बनने हेतु प्रेरित करना है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने आम जनता से अपील की है। बता दें कि नए मतदाताओं को प्रेरित करने तहसील कार्यालय में मतदाता सलाह एवं जागरूकता केंद्र बनाया गया है।

# धरमजयगढ़ में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा

गुजरात के पदाधिकारी हुए शामिल



## कांग्रेस सरकार को बताया भ्रष्ट

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टी सक्रिय हो कर आमसभा, रैली, यात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस, भाजपा को पटखनी देने कमर कस चुकी है। आप पार्टी पूरे छत्तीसगढ़ में बदलाव यात्रा लेकर घूम रही है। जो यात्रा धरमजयगढ़ पहुंची। जिसका आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं रैली के साथ नगर भ्रमण कर जगह जगह लोगों को आम आदमी पार्टी की घोषणा को बताया। बदलाव यात्रा में गुजरात से पधारे छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी नरेश वारिया ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार चरम पर है। छत्तीसगढ़ की जनता को यहां अच्छी बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य नहीं मिल पा रही है। यदि आम आदमी पार्टी कि सरकार बनती है तो लोगों को अच्छी शिक्षाए स्वास्थ एवं पर्याप्त मात्रा में बिजली देंगे। विधानसभा उम्मीदवार घोषित करने की बात पर उन्होंने कहा कि अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। समय आने पर साफ सुथरी छवि वाले व्यक्ति को पार्टी से टिकट मिलेगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से कांग्रेस भाजपा में ही टक्कर होती है। लेकिन अब क्षेत्रीय पार्टी सपा, बसपा के साथ साथ आम आदमी पार्टी भी मजबूती के साथ मैदान में उतर रही है।

# सीएमओ के खिलाफ सत्ता पक्ष व विपक्ष पार्षदों ने खोला मोर्चा

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।








नगर पंचायत के पार्षदों ने कुसमी सीएमओ के मनमानी रवैये से परेशान होकर सभी पक्ष विपक्ष के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। आज कुसमी के शिव चौक के पास सभी पार्षद एकत्रित होकर ढ़ोल.नगाड़ा के साथ रैली निकालकर नारे.बाजी कर सीएमओ हटाओ नगर पंचायत बचाव, गली–गली में शोर है। सीएमओ कमीशन खोर है सीएमओ के चेहरे की जो लाली है। वो ट्रेक्टर की दलाली है। जैसे नारो से गुंजायमान रहा तथा रैली की रूप में नगर पंचायत पहुँचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की भनक जैसे ही सीएमओ को लगती है नगर पंचायत के प्रवेश द्वार पर ताला लगवा देता है जिससे सारे पार्षद भड़क जाते हैं और जमकर नारे बाजी करते है। नगर पंचायत के गेट में ताला लगा दिये जाने के कारण समस्त पार्षदों ने आक्रोस में आकर नारा लगाते हुए कहा कि बेशर्म सीएमओ कुछ तो बोलो, ताला खोलों ताला खोले के नारे लगे। आपकों बता दे कि पूर्व में नगर पंचायत कुसमी में समस्त पार्षदो की परिषद बैठक रखी गयी थीए जिसमे सीएमओ एवं नगर पंचायत अध्यक्ष की मिलीभगत से ट्रैक्टर खरीदी में भारी कमीशन खोरी का मामला सामने आया था। पक्ष.विपक्ष के समस्त पार्षद दलों ने नगर पंचायत सीएमओ व नगर पंचायत अध्यक्ष गोवर्धन राम के ऊपर कमीशन खाने को लेकर जमकर हल्ला करते हुए बैठक का बहिष्कार किया था। जहां 11 लाख की टैक्टर को 18 लाख में खरीदी का मामला सामने आया था। इस विषय को लेकर सभी पार्षदगणों ने जिले में कलेक्टर को आवेंदन देकर जांच व कार्यवाही करने की मांग किया गया था। जो आज दिनांक तक उस आवेंदन मे इन दोनों के ऊपर कोई जांच व कार्यवाही नही किया गया है।

जिसे वजह के इनके हौसलें और भी बुलन्द है। नतीजा यह है कि नगर पंचायत सीएमओ की मनमानी रैवये बढ़ती जा रहा रही है। अभी बीते दिनांक 25 जुलाई 2023 को पीआईसी की बैठक बुलाई थी लेकिन बैठक में अध्यक्ष और अन्य दो पार्षद पहुंचे थे जबकि बैठक के लिए कम से कम अध्यक्ष के अलावा तीन पार्षदों की आवश्यकता होती है। लेकिन सीएमओ ने फिर से अपने अड़ियल रवैए का परिचय देते हुए बैठक में जो मुद्दे थे उन सभी को बिना बहुमत के ही पारित करा लिया। जबकि बैठक में एजेंडा पास करने के लिए बहुमत में कम से कम एक अध्यक्ष समेत तीन पार्षदों की आवश्यकता होती है। यह सब मनमानी रैवये को देखते हुए, नगर पंचायत ऑफिस के सामने समस्त पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ नारे–बाजी करते हुए, कुसमी एसडीएम को आवेंदन दिया है और मांग किया गया है किए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कुसमी जिला बलरामपुर छग के द्वारा अपने पदस्थापना दिवस से ही नगर पंचायत के पार्षदों को दर.किनार करते हुए मनमाने ढंग से अपने अधिकारों का दुरूपयोग करते हुए नगर पंचायत के शासकीय मदों की राशि मनमानी तरीके से खरीदी में भारी मात्रा में कमीशन खोरी कर शासन को भारी, मात्रा में क्षति पहुंचाने का कार्य किया गया है। जिसके कारण नगर का विकास कार्य रूक गया है। मनमाने रवैया का उदाहरण यह है कि विगत 25 जुलाई 2023 को पीआईसी की बैठक बुलाई गई थी जिसमें मुद्दों पर चर्चा के लिए अध्यक्ष सहित कम से कम चार पार्षदों की उपस्थिति अनिवार्य है। उसके बावजूद भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अडियल रवैया अपनाते हुए मात्र अध्यक्ष सहित दो पार्षदों की उपस्थिति में पीआईसी की बैठक में सारे मुद्दों को पारित करा लिया जाता है। जो कि नियम विरुद्ध हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के अडियल रवैया से नगर पंचायत के समस्त पार्षदों आक्रोश व्याप्त है। इस सम्बंध में गंभीरता पूर्वक विचार कर उचित कार्यवाही करने की मांग समस्त पार्षदों ने की है। और चेतावनी भी दी है कि सीएमओ के ऊपर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर नगर के विकास के लिए सारे पार्षद सदस्य लड़ाई के लिए तैयार रहेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in